धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सुप्रभात

रांची, गुरुवार

29.08.2024

* * नगर संस्करण। पेज :12

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

भादो, कृष्ण पक्ष, दशमी, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 50





06 राहुल : एक यायावर जिसने दुनिया देखी



सुप्रभात
रांची, गुरुवार
29.08.2024
नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net भादो, कृष्ण पक्ष, दशमी, संवत 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 50 12



फिल्म अकादमी पुरस्कार में धूम मचायेंगी रेखा

न्यूज डायरी

### झारखंड कैबिनेट की अहम बैठक आज

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड कैबिनेट की बैठक आज शाम चार बजे से होगी। इस बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। बैठक शाम 4 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिमंडल कक्ष में होगी। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी।

### दो सितंबर को पेट्रोल पंप बंद रखने का ऐलान

रांची। झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने 2 सितंबर को राज्य भर के सभी पेट्रोल पंपों को बंद रखने का ऐलान किया है। एसोसिएशन के सदस्य ने बताया कि डीलरों के कमीशन में 2017 के बाद से अब तक कोई वृद्धि नहीं होने के कारण पेट्रोल पंप बंद रखने का ऐलान किया गया है।

### एहतेशाम वाकारिब बने जामताड़ा के एसपी

रांची। राज्य सरकार ने आईपीएस निधि द्विवेदी के जामताड़ा एसपी के पद पर पोस्टिंग के आदेश को विलोपित कर दिया है, जबकि एहतेशाम वाकारिब को जामताड़ा का नया एसपी बनाया गया है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने बुधवार रात अधिसूचना जारी की है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को सरकार ने 10 आईपीएस का तबादला किया था। सीआईडी एसपी के पद पर स्थापित निधि द्विवेदी को जामताड़ा का एसपी बनाया गया था। हालांकि 24 घंटे के अंदर ही इस आदेश को विलोपित किया गया।

### डॉक्टर और होमगार्ड के जवानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

रांची। रांची झारखंड के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में देर रात होमगार्ड के जवान और रिम्स अस्पताल के डॉक्टर के बीच जमकर मारपीट की घटना के बाद दोनों पक्षों ने बरियातू थाने में एफआईआर दर्ज करायी है। बरियातू थाने में कुल 20 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है, जिसमें 10 डॉक्टर हैं और 10 होमगार्ड के जवान हैं। जानकारी के अनुसार होमगार्ड के जवानों ने डॉक्टर से पहचान पत्र दिखाने बोला तो उसी में विवाद हुआ और विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष के लोग मारपीट करने लगे।

### पेरिस में पैरालंपिक खेल का उद्घाटन समारोह

नयी दिल्ली। पेरिस में बीती रात भारतीय समय के अनुसार साढ़े ग्यारह बजे से पैरालंपिक खेलों का उद्घाटन समारोह हुआ। भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल और शॉटपुट खिलाड़ी भाग्यश्री जाधव ने भारतीय ध्वज वाहक के रूप में भारतीय दल का नेतृत्व किया। इस बार 84 पैरा एथलीट का भारतीय दल 12 खेलों में हिस्सा ले रहे हैं।

ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस में राष्ट्रपति ने अपनी बात कही

# सब मिलकर कहें कि अब और बर्दाश्त नहीं होगा : राष्ट्रपति

## घटनाओं को भूलना समाज की खराब आदत

एजेंसी

नयी दिल्ली। कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस के 20 दिन बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का पहला बयान आया है। उन्होंने कहा, मैं घटना को लेकर निराश और डरी हुई हूं। अब बहुत हो चुका। समाज को ऐसी घटनाओं को भूलने की खराब आदत है। राष्ट्रपति मुर्मू ने *वीमेंस सेफ्टी : एनफ इज एनफ नाम* से एक आर्टिकल लिखा था, जिस पर उन्होंने मंगलवार को समाचार एजेंसी पीटीआई से चर्चा की।

राष्ट्रपति ने कहा कि कोलकाता में हुई डॉक्टर के रेप और मर्डर की घटना से देश सकते में है। जब मैंने इसके बारे में सुना तो मैं निराश और भयभीत हुई। ज्यादा दुखद बात यह है कि यह घटना अकेली घटना नहीं है। यह महिलाओं के खिलाफ



अपराध का एक हिस्सा है। जब स्टूडेंट्स, डॉक्टर्स और नागरिक कोलकाता में प्रोटेस्ट कर रहे थे, तो अपराधी दूसरी जगहों पर शिकार खोज रहे थे। विक्टिम में किंडर गार्टन की बच्चियां तक शामिल थीं। पूरे देश के साथ मैं भी गुस्से में हूं।

## समाज को खुद से मुश्किल सवाल पूछने होंगे

राष्ट्रपति ने कहा कि मैं खुद को भारत में महिला सशक्तिकरण की इस शानदार यात्रा का एक उदाहरण मानती हूं, लेकिन जब भी मैं देश के किसी कोने में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के बारे में सुनती हूं तो मुझे गहरी पीड़ा होती है। जाहिर सी बात है कि महिलाओं की सुरक्षा के सवाल का पूरा जवाब सिर्फ हमारे समाज से आ सकता है। समाज को खुद के अंदर झांकना होगा और मुश्किल सवाल पूछने होंगे। हमसे कहां गलती हुई? इन सवालों का जवाब ढूंढ़े बिना, आधी आबादी खुलकर नहीं जी पायेगी।

*रक्षाबंधन पर स्कूल के बच्चों ने मुझसे पूछा कि क्या हम उन्हें भरोसा दिला सकते हैं कि निर्भया जैसे केस अब नहीं होंगे। मैंने उन्हें बताया कि हर नागरिक की रक्षा करना राष्ट्र की जिम्मेदारी है, लेकिन साथ ही सेल्फ-डिफेंस और मार्शल आर्ट्स में ट्रेनिंग लेना सभी के लिए जरूरी है, खासतौर से लड़कियों के लिए, ताकि वे और ताकतवर हो सकें। लेकिन यह महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी नहीं है, क्योंकि महिलाओं की सुरक्षा कई कारणों से प्रभावित होती है।*

## द्रौपदी मुर्मू ने कहा- महिलाओं को उपभोग की वस्तु समझते हैं लोग

कुछ लोग महिलाओं को उपभोग की वस्तु समझते हैं। यही महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों की वजह है। अफसोस की बात यह है कि ऐसा सिर्फ भारत में नहीं है, बल्कि दुनियाभर में ऐसा ही है। हमें ऐसे अपराधों को भूलना नहीं चाहिए। हमें मिलकर इस आपराधिक सोच का सामना करने की जरूरत है। समाज, पीड़ितों को याद करने की एक संस्कृति तैयार करे ताकि हमें याद रहे कि हम कहां चूके थे। तभी हम रक्षाबंधन पर पूछे गए, बच्चों के मासूम सवाल का ठोस जवाब दे पाएंगे। हमें मिलकर कहना होगा- *बस बहुत हुआ...*

सरायकेला में मंइयां सम्मान योजना वितरण समारोह में सीएम बोले

# भाजपा के लोगों की नजर में दूसरे समुदाय का हर व्यक्ति घुसपैठिया

विपक्ष जाति, धर्म, भाषा लिंग के आधार पर पूरे देश को बांटने की कर रहा कोशिश

### कोल्हान प्रमंडल की माता बहनों के खाते में 57 करोड़ 38 लाख 99 हजार की पहली किस्त जारी की



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची/सरायकेला। सीएम हेमंत सोरेन मंगलवार को सरायकेला के गम्हरिया स्थित रापचा फुटबॉल मैदान में अपनी सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना की कोल्हान प्रमंडल में शुरूआत करने पहुंचे। एक ओर जहां उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनायीं, वहीं दूसरी तरफ भाजपा पर भी जमकर निशाना साधा।

योजना का शुभारंभ करते हुए भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा धर्म, जाति, लिंग भाषा के नाम पर देश को बांट रही है। आज झारखंड में बांग्लादेशी मुद्दे को हवा दी जा रही है। सीएम ने कहा, भाजपाइयों को दूसरे समुदाय का व्यक्ति घुसपैठिया नजर आ रहा है। सीएम ने मंच से जोरदार आवाज में कहा कि झारखंडियों को नौकरी नहीं देंगे तो उद्योग-धंधे माइंस नहीं चलने दिये जायेंगे।

इस मौके पर सीएम ने मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत कोल्हान प्रमंडल की माता बहनों के खाते में ऑनलाइन 57 करोड़ 38 लाख 99 हजार की पहली किस्त जारी की। कार्यक्रम में कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां से हजारों लाभुक महिलाओं का जुटान हुआ था।

**आदिवासियों के लिए भाजपा ने कुछ नहीं किया :** मुख्यमंत्री ने भाजपा के डबल इंजन सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि 5 सालों में आदिवासी उत्थान के लिए एक कार्य नहीं किया। आदिवासियों का मान सम्मान मंच तक नहीं दिया गया। वहीं सत्ता में आते ही हम लोगों ने आदिवासियों के हक और आवाज को बुलंद किया। विश्व आदिवासी दिवस मना कर सम्मान दिया। हमने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना लाया। इस योजना के तहत अब यहां महिलाओं को मंईयां सम्मान राशि एक हजार रुपए प्रतिमाह मिलने लगेगी।

**गरीबों को कुछ नहीं, उद्योगपतियों को सबकुछ :** हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा सरकार के पास गरीब आदिवासी किसानों के कर्ज माफ की कोई योजना नहीं थी, लेकिन बड़े-बड़े उद्योगपति व्यापारियों को उद्योग चलाने पूरी छूट दी गयी। हमने किसानों के 2 लाख रुपये के कर्ज को माफ किया। झारखंड के गरीब लोगों का बकाया बिजली बिल को भी माफ करने की घोषणा सरकार ने कर दी है। झारखंड के लोगों को रोजगार मिले से लेकर 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता का कानून लाया गया।

**झारखंड को अशांत कर रही भाजपा :** हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा 5 महीने से राज्य को अशांत करने में लगी है। असम और छत्तीसगढ़ से नेताओं को बुलाकर लगातार सरकार गिराने की साजिश रखी जा रही है। जनता द्वारा चुनी गयी आपकी सरकार को अशांत करने की प्रयास किया गया है। चुनाव आते ही भाजपाई अपने रंग दिखाने लगे है, लेकिन झारखंडी लोग इनके मंसूबों पर पानी फेर देंगे। (पेज 2 भी देखें)

# चंपई सोरेन ने झामुमो के सभी पदों से दिया इस्तीफा

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पत्र जारी कर यह जानकारी दी। वहीं चंपई सोरेन ने मंत्री और विधायक पद से भी इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा राज्य के आदिवासी, मूलवासी दलितों, पिछड़ों और आम लोगों के मुद्दों को लेकर हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

इससे पहले चंपई सोरेन ने दिल्ली से रांची लौटने के क्रम में एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कहा कि भाजपा का दामन थामने के लिए मैंने काफी सोच-समझ कर फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि मेरे भाजपा में जाने के फैसले से सिर्फ कोल्हान में ही नहीं पूरे झारखंड की राजनीति में असर पड़ेगा। जासूसी कराये जाने के सवाल पर कहा कि सरकार जो चाहे करा ले, मैं डरनेवाला नहीं हूं। मैंने सही निर्णय लिया है। झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के प्रति हमारे दिल में हमेशा आस्था बनी रहेगी।

### जासूसी कर रहे दो सब इंस्पेक्टर पकड़े गये

रांची। राजनीतिक सरगर्मी के बीच चंपई सोरेन की जासूसी करने वाले स्पेशल ब्रांच के दो सब इंस्पेक्टरों को दिल्ली पुलिस ने पकड़ा है। यह चंपई सोरेन दिल्ली के होटल ताज में थे तो स्पेशल ब्रांच के दो सब-इंस्पेक्टर उनकी जासूसी कर रहे थे, यह भी पत्रकार के नाम पर। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि झारखंड स्पेशल ब्रांच के आइजी प्रभात कुमार ने उन्हें दिल्ली भेजा था। इस मामले में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की जासूसी कराए जाने के मामले को अत्यंत गंभीर बताया है। उन्होंने राज्य सरकार से इस जासूसी की सिटिंग जज से जांच कराने और एडीजी स्पेशल ब्रांच को अविलंब निलंबित करने की मांग की है।

केंद्र और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने रखी अपनी बात

# स्कूलों में बच्चियों की सुरक्षा पर सुप्रीम कोर्ट 24 को जारी करेगा दिशा-निर्देश

एजेंसी



नयी दिल्ली। मानव संसाधन विकास मंत्रालय और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को महाराष्ट्र के बदलापुर प्रकरण का हवाला देते हुए स्कूल में बच्चियों की सुरक्षा को लेकर 2019 में बनाए गए दिशा-निर्देशों को लागू करने की मांग उठायी। जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष एनजीओ बचपन बचाओ आंदोलन की तरफ से पेश वकील एचएस फुल्का ने कहा कि केवल पांच राज्यों ने बनाए गए दिशा-निर्देशों को लागू किया है, जबकि बच्चों के यौन शोषण जैसी घटनाएं महाराष्ट्र और हरियाणा समेत कुछ राज्यों में फिर सामने आयी हैं।

**राज्यों से दिशा-निर्देश लागू कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट 24 सितंबर को करेगा सुनवाई :** वकील एचएस फुल्का ने कहा कि जिन राज्यों में दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया गया है, उन राज्यों को निर्देश देने के लिए सुप्रीम कोर्ट जल्द सुनवाई करे। इस पर कोर्ट ने 24 सितंबर को सुनवाई करने का आदेश दिया।

दरअसल, बचपन बचाओ आंदोलन ने स्कूल में बच्चों की सुरक्षा को लेकर बनाए निर्देश को पूरे देश में लागू कराने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 2019 में ही याचिका दाखिल की थी। इसी आधार पर सुप्रीम कोर्ट से मामले की सुनवाई की मांग की है।

### दो विश्वविद्यालयों में 28 सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति का आदेश

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को चाईबासा के कोल्हान विश्वविद्यालय और पलामू में नीलांबर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के लिए झारखंड लोक सेवा आयोग के जरिये अनुशंसित अभ्यर्थियों के कागजातों की शीघ्र जांच कर उनकी नियुक्ति के लिए निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि झारखंड लोक सेवा आयोग के जरिये चाईबासा के कोल्हान विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के लिए 17 सहायक प्राध्यापकों और पलामू के नीलांबर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में 11 सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति के लिए अनुशंसा की गई है। गौरतलब हो कि दो दिन पूर्व राज्यपाल के समक्ष राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया था।

एनआरएचएम के खाते से करोड़ों रुपये की फर्जी निकासी

# रामगढ़ में बिना सेवा दिये ही डॉक्टरों को मिल रहा था वेतन

फर्जीवाड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रामगढ़ में एनआरएचएम के खाते से फर्जी निकासी का मामला सामने आया है। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आदेशपाल को आरोपी बनाया गया है। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आदेशपाल पर पत्नी और फर्जी पांच खाते में एक करोड़ से अधिक की निकासी का आरोप है। इस पूरे मामले का खुलासा जिले के उपायुक्त ने किया है।

उपायुक्त चंदन कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति रामगढ़ के खाते से लंबे समय से फर्जी चिकित्सकों के नाम से वेतन निकासी करने का बड़ा मामला जिला प्रशासन के समक्ष आया है। प्राथमिक जांच में पिछले 15-16 महीने में पांच ऐसे फर्जी चिकित्सक डॉ राहुल कुमार, डॉक्टर संगीता बारीक, डॉक्टर वीणा कुमारी, डॉक्टर टी चक्रवर्ती एवं सरिता कुमारी, जिन्होंने कभी भी रामगढ़ जिले में सेवा नहीं दी है लेकिन इनके नाम पर लगभग 1 करोड़ रुपए से अधिक की राशि वेतन के नाम पर निकासी की गयी है। प्रारंभिक जांच के दौरान पाया गया कि रामगढ़ जिले में ही स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आदेशपाल अमजद हुसैन और उनकी पत्नी के नाम पर ही उक्त पांच नाम से खाते संचालित हैं। वहीं इस तरह के अन्य मामलों की संभावना और 10 करोड़ से अधिक के राशि के गबन पर भी संदेह व्यक्त करते हुए इसकी गहन जांच के लिए अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति गठित की गयी है।

उपायुक्त ने समिति को निर्देश दिया है कि जिला स्वास्थ्य समिति रामगढ़ की ओर से सभी योजनाओं के अंतर्गत अब तक किए गए सभी भुगतान की विस्तृत जांच कर जांच प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध करायें।

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 67500 रु./10 ग्राम
चांदी : 86000 रु./प्रति किलो




केंद्र ने दो नयी रेल लाइन और एक मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना को दी मंजूरी

# झारखंड, ओड़िशा, बंगाल और छत्तीसगढ़ को नयी रेल लाइन

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने भारतीय रेलवे की दो नयी लाइनों और एक मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना को मंजूरी दी। इसकी अनुमानित लागत 6,456 करोड़ रुपये है। झारखंड, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ के सात जिलों को कवर करने वाली ये तीन परियोजनाएं रेलवे के नेटवर्क को लगभग 300 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि नयी लाइन के प्रस्ताव



से सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी और गतिशीलता में सुधार होगा। मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को आसान बनाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इन परियोजनाओं के साथ 14 नए रेलवे स्टेशनों का भी निर्माण किया जाएगा, जिससे दो आकांक्षी जिलों पूर्वी सिंहभूम और नुआपाड़ा में कनेक्टिविटी बढ़ेगी। नयी लाइन परियोजनाओं से लगभग 1,300 गांवों और लगभग 11 लाख आबादी को कनेक्टिविटी मिलेगी। मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 1,300 गांवों और लगभग 19 लाख आबादी को कनेक्टिविटी मिलेगी।

### 121 किमी जमशेदपुर-पुरुलिया-आसनसोल तीसरी लाइन बनेगी

झारखंड के पूर्वी सिंहभूम से पश्चिम बंगाल के पुरुलिया और बर्दमान को जोड़ने के लिए जमशेदपुर-पुरुलिया-आसनसोल (चंडिल-अनारा-दामोदर) थर्ड लाइन बनायी जाएगी। ये रूट 121 किलोमीटर का होगा। इसमें 2,170 करोड़ रुपये की लागत आएगी। वहीं ओड़िशा के सुंदरगढ़ से छत्तीसगढ़ के रायगढ़ को जोड़ने के लिए सरडेगा डबल लाइन भालूमुड़ा लाइन बनाई जाएगी। इस रूट की लंबाई 37 किलोमीटर होगी। इसमें 1,360 करोड़ रुपये की लागत आयेगी। ओड़िशा (बारगढ़, नुआपाड़ा) में बरगढ़ रोड-नवापारा रोड लाइन का निर्माण किया जाएगा। ये रूट 138 किलोमीटर का होगा। इसमें 2,926 करोड़ रुपये की लागत आयेगी।

**कैबिनेट के अन्य फैसले :** केंद्रीय कैबिनेट ने राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत देश में 12 औद्योगिक स्मार्ट शहर बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इस योजना पर 28,602 करोड़ रुपये के निवेश का अनुमान है। इस योजना से 10 लाख रोजगार परोक्ष रूप से और 30 लाख रोजगार अपरोक्ष रूप से सृजित होंगे। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेसवार्ता में बताया कि कैबिनेट ने इसके अलावा कई और महत्वपूर्ण फैसले लिये गए। इसमें 234 नए शहरों में निजी एफएम रेडियो शुरू करने को मंजूरी दी गई। वहीं 'कृषि अवसंरचना निधि' (एआईएफ) के तहत वित्त पोषण सुविधा की केन्द्रीय क्षेत्र योजना में विस्तार को मंजूरी दी गयी।

सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षित रख लिया था फैसला

# प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राजधानी रांची में कथित जमीन घोटाला मामले में पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को जमानत दे दी। हालांकि, अवैध खनन मामले में उसे अभी तक जमानत नहीं मिली है। इसलिए, प्रेम प्रकाश जेल से बाहर नहीं आ पायेगा।

**सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षित रख लिया था फैसला :** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर पिछले महीने सुनवाई हुई थी। 29 जुलाई को सुनवाई के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस प्रशांत मिश्रा और जस्टिस केवल विश्वनाथ की पीठ ने बुधवार को अपना फैसला सुनाया।

**करीब एक साल बाद प्रेम प्रकाश को मिली जमानत :** प्रेम प्रकाश पर दस्तावेजों से छेड़छाड़ करके जमीन की खरीद-बिक्री का आरोप था। उसे अगस्त, 2023 में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था। प्रेम प्रकाश को अवैध खनन से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था। बाद में जमीन घोटाला मामले में भी उसकी संलिप्तता के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## स्पीड न्यूज

### भावी विधायक प्रत्याशी चंद्रमा ने पाटन का किया दौरा, सुनी जन समस्याएं



**पाटन पलामू।** बुधवार को छतरपुर पाटन विधानसभा क्षेत्र के पाटन प्रखंड का दौरा चंद्रमा कुमारी ने किया। मौके पर पाटन के नवादा, जंघासी, किशुनपुर सहित कई गांवों में जाकर क्षेत्र के ग्रामीण जनता से मिलकर बिजली पानी स्वास्थ्य सड़क शिक्षा जैसे कई बुनियादी समस्याओं से अवगत हुई। ग्रामीण अपनी अपनी जन समस्याओं को भी रखी। जिन्हें हर संभव निदान करने का आशवासन चंद्रमा कुमारी ने दी। मौके पर रामजन अंसारी, महेश मोची,उषा देवी, विकास कुमार, जितेंद्र राम, बाबूलाल उरांव, सिद्धेश्वर राम, डा मुस्ताक अंसारी थे।

### फायरिंग करनेवाला युवक गिरफ्तार



**तरहसी पलामू।** तरहसी पुलिस ने देसी कट्टा से फायरिंग करनेवाले युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 24 अगस्त की शाम करीब सात बजे महुडंडवा चौक के समीप जब लोग चौक पर खाने पीने व घूमने निकले थे तभी दुकानदार को डराने के लिए थाना क्षेत्र के पतिला निवासी मनीष सिंह व उसके एक दोस्त ने देसी कट्टा से फायरिंग की थी। इसकी सूचना पर पुलिस ने तरहसी थाना में आरोपी पर आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया था।

### मुहर्रम त्याग-बलिदान का प्रतीक : दीपू



**मेदिनीनगर।** मुहर्रम के 40वां पर मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी ने मातमी जुलूस निकाला। जो शहर के विभिन्न चौक चौराहों से होते संपन्न हुआ। मौके पर झामुमो व्यवसाय प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दीपू चौरसिया ने कार्यकर्ताओं के साथ मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के जेनरल जिशान खान व अन्य का स्वागत किया। श्री चौरसिया ने कहा कि मुहर्रम त्याग व बलिदान का त्योहार है। इसमें लोगों को अपने अंदर छिपी बुराइयों को त्यागना चाहिए। साथ ही नेक-ईमानदारी के साथ समाज में सौहार्द स्थापित कर समाज को सबल बनायें।

### वार्ड सदस्यों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन




**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड की कई पंचायत के वार्ड सदस्यों ने हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय पहुंच बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि हम सभी हुसैनाबाद प्रखंड के पंचायत के वार्ड सदस्य है, हम सभी को अभी तक मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है, वित्तीय वर्ष लगभग 3 वर्ष होने जा रहा है। हम सभी वार्ड सदस्यों में कई गरीब वार्ड सदस्य आवास विहीन है जिनका मिट्टी का मकान है हम लोगों को अबुआ आवास से भी वंचित किया जा रहा है और मुखिया एवं पंचायत सचिव ने किसी भी योजना में वार्ड सदस्य के बिना भागीदारी के मनमानी ढंग से कार्य कर रहा है। यदि उपयुक्त विषय पर संज्ञान नहीं लिया जाता है तो हम सभी वार्ड सदस्य धरना प्रदर्शन शुरू करेंगे। मौके पर अध्यक्ष सोनू राम, सचिव अनिता देवी, अंजली कुमार, वर्मा पासवान, सविता देवी, रीना देवी, लक्ष्मी देवी, पूनम देवी, मंजू देवी, गीता देवी, बिंदा देवी, सुंदरी देवी, अजय यादव, सरिता देवी, रामजीत कुमार, चंचला कुमारी, विन्देश्वरी मेहता, अनिता देवी उपस्थित थे।

### हेमंत सोरेन की कार्यशैली से प्रभावित हैं झारखंड के सभी युवा : राजेंद्र सिन्हा



**मेदिनीनगर।** वार्ड 19 के कई युवाओं ने झामुमो का दामन थामा। झामुमो और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की लोकप्रियता युवाओं में भी तेजी से बढ़ी है। झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने सभी युवाओं को पार्टी का अंगवस्त्र और माला पहना कर स्थानीय जिला कार्यालय में हुए मिलन समारोह में सबको झामुमो परिवार में शामिल कराया। दर्जनों ने युवाओं ने हृषिकेश राज के नेतृत्व में झामुमो में शामिल हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद सिन्हा और संचालन सचिव सन्नू सिद्धिकी ने किया। केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी और उपाध्यक्ष कमाल खान भी उपस्थित थे। युवाओं को पार्टी में शामिल कराते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि आज देश में युवाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त होने की जरूरत है। जिस तरीके से भाजपा पूरी शक्ति युवाओं को तोड़ने और भड़काने में लगाई है इसे रोकना बहुत जरूरी है। मौके पर सौरव राज, अतुल राज, कमलेश कुमार, रविकांत कुमार, सूरज कुमार, राजन कुमार, अमित कुमार, अभिमन्यु कुमार, रेहान कुमार, विकास कुमार, आकाश कुमार भी थे।

### चिराग पासवान को समस्याएं गिनाने पर जिलाध्यक्ष राकेश सिंह को बधाई



**मेदिनीनगर।** लोक जनशक्ति पार्टी जिला कमेटी की बैठक संगठन अध्यक्ष सह मजदूर नेता राकेश सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जिला कमेटी के प्रधान महासचिव विवेक सिंह सहित सभी पदाधिकारी ने राकेश सिंह को रांची में आयोजित झारखंड प्रदेश अभिनंदन सह कार्यकर्ता सम्मेलन में पलामू जिले से पलामू अध्यक्ष राकेश सिंह के नेतृत्व में सरलता पूर्वक मजबूती से चट्टानी एकता के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होकर पार्टी एवं कार्यक्रम को मजबूती प्रदान करते हुए सफल बनाया जिसके लिए बधाई दी।

# सुबह आठ से शाम छह बजे तक नो एंट्री के साथ कोयल नदी पर बने पीपा पुल : अरुणा शंकर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कोयल पुरनचंद सेतु पर प्रतिदिन लग रहे जाम की भयावह स्थिति पर पुलिस प्रशासन की ट्रैफिक व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि कोयल पुल प्रतिदिन 4 से 6 घंटा जाम हो रहा है जो बच्चे चैनपुर शाहपुर की ओर से शहर स्कूल पढ़ने आते हैं रात को 5 बजे 6 बजे घर पहुंच रहे हैं। मरीज अस्पताल आते तो घंटो पुल पर लौटने के लिए खड़ा रहना पड़ता, अगर इमरजेंसी हो जाए तो कोई विकल्प नहीं है। इस पुराने पुल पर दबाव भी बढ़ रहा है। व्यवसाई धीरे-धीरे शहर से कटते जा रहे हैं।





**खास बातें :** कभी चैनपुर शाहपुर की और कोई बड़ी घटना आग वगैरह लग जाने पर दमकल की गाड़ी भी नहीं पहुंच पाएगी लेकिन इस ट्रैफिक व्यवस्था को देखने वाला कोई नहीं जिससे कभी बड़ी घटना हो सकती है। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने आरक्षी अधीक्षक रीष्मा रमेसन से कहा कि तत्काल सशक्त ट्रैफिक व्यवस्था करते हुए सुबह 8 बजे से शाम 06 बजे तक पुल पर बड़ी गाड़ियों को रोकते हुए नो एंट्री जोन घोषित करें। मात्र स्कूल बस को आने जाने की अनुमति दी जाये। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था का सख्ती से पालन की जानी चाहिए। बड़ी गाड़ियां जो छत्तीसगढ़, गढ़वा जाने वाली है उन्हें पड़वा होकर भेजा जाये। प्रथम महापौर ने कहा कि जल्द दूसरे पूल का भी काम लगना है। बड़ी-बड़ी गाड़ियां चलेंगी ट्रैफिक और भी वादित होगा। इसलिए वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में पीपा का पुल जिस पर थ्री व्हीलर बाइक और पैदल आवागमन हो सके। इसकी वैकल्पिक व्यवस्था तुरंत करनी चाहिए अन्यथा आवागमन का और भी भयावह स्थिति हो जायेगा।

### पांकी विधायक ने निजी खर्च से कच्ची सड़क का कराया निर्माण

# आजादी के बाद पहली बार ग्रामीणों को मिली एक सड़क : डॉ शशिभूषण मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** देश आजादी के बाद से ही पांकी विधानसभा क्षेत्र विकास के नाम पर मरहूम रहा है। आजादी के बाद कई विधायक आये और गये लेकिन सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का सुध नहीं लिया। जिस कारण सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीण मुख्य सड़क से कटे रहे। आने जाने में लोगों को गर्मी एवं ठंड के समय परेशानियों का सामना तो करना ही पड़ता था लेकिन जब वर्षा का समय आता है तो वैसे क्षेत्र के ग्रामीण प्रखंड मुख्यालय या जिला मुख्यालय में आने के लिए सोचते हैं।





**खास बातें :** आज वर्तमान विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने सुध लेते हुए अपने निजी खर्च से पांकी प्रखंड के ग्राम सुरजवन से नावागढ़ पचफेड़ी तक मिट्टी मोरम से सड़क का निर्माण कराया है। यह देखकर ग्रामीण काफी प्रफुल्लित हुए। इस सड़क का निर्माण कार्य जेएसएलपीएस स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हुई आजीविका सखी मंडल की बहनें की निगरानी में कराया गया। इस मौके पर विधायक डा मेहता ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार नावागढ़ पंचफेड़ी तक सड़क का निर्माण कराया गया है। सड़क निर्माण होने से लोगों के आवागमन में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि नावागढ़ व पंचफेड़ी के बीच एक पुलिया का निर्माण जल्द कराया जायेगा ताकि लोगों को वर्षा के समय में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के कई ऐसे पंचायत, गांव व टोले हैं जहां पर मुलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है उसे दूर करना पांच वर्ष बहुत ही कम है। आनेवाले समय में यदि मुझे क्षेत्र की सेवा करने का मौका पांकी विस क्षेत्र की जनता ने दिया तो एक एक मुलभूत समस्याओं को दूर करूंगा।

### भव्य बाइक रैली व रोड शो : महावीर मोड़ से पांकी तक बिनोद सिन्हा का शानदार स्वागत

# पांकी को एक नयी ऊंचाई तक ले जाने को प्रतिबद्ध : विनोद सिन्हा

■ जनता का अपार समर्थन देखकर मेरा विश्वास और भी मजबूत हुआ

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी विस क्षेत्र में ऐतिहासिक बाइक रैली और रोड शो का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों समर्थक और बाइक सवार भावी प्रत्याशी कुशवाहा बिनोद सिन्हा के साथ महावीर मोड़ से पांकी तक का मार्ग तय करते हुए उत्साहपूर्वक शामिल हुए। इस भव्य आयोजन ने पूरे क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार किया, जिससे पांकी की राजनीति में एक नये युग की शुरुआत का संकेत मिल रहा है। रैली की शुरुआत महावीर मोड़ से हुई, जहां बिनोद सिन्हा के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए थे।





रैली में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते और संबोधित करते कुशवाहा बिनोद सिन्हा।

■ बाइक सवारों का यह काफिला जैसे ही आगे बढ़ा, मार्ग के दोनों ओर खड़े लोग जोरदार नारे लगाते हुए सिन्हा का समर्थन कर रहे थे। श्री सिन्हा का यह रोड शो उनकी बढ़ती लोकप्रियता और पाँकी के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक माना जा रहा है। रास्ते में कई स्थानों पर उनका भव्य स्वागत किया गया, और समर्थकों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। महावीर मोड़ से पांकी तक के इस शक्ति प्रदर्शन ने जहां क्षेत्र में सिन्हा के प्रति जनता के समर्थन को दिखाया, वहीं यह आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भी एक महत्वपूर्ण संकेत है। रैली के समापन पर पांकी में एक विशाल जनसभा की गयी, जहां कुशवाहा बिनोद सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि यह बाइक रैली सिर्फ हमारे समर्थकों की ताकत का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि पांकी के विकास के प्रति हमारी संकल्पना का प्रतीक भी है। मैं पांकी को एक नए ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हूं और जनता का यह अपार समर्थन देखकर मेरा विश्वास और भी मजबूत हुआ है।

# विश्रामपुर विस क्षेत्र का हो रहा पूर्ण विकास : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी

■ भाजपा नेता ने किया जनता उच्च विद्यालय के चारदीवारी निर्माण का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय स्थित राजकीय +2 जनता उच्च विद्यालय के चाहरदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने नारियल फोड़ कर किया। मौके पर श्री चंद्रवंशी ने कहा कि पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के नेतृत्व में विश्रामपुर विधानसभा का पूर्ण विकास हो रहा है। विकास भी किसी भेदभाव के बगैर और न्याय के साथ हो रहा है। विकास कार्यों में सबकी भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है। आने वाले समय में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र प्रदेश का सबसे विकसित क्षेत्र होगा। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, इदरिश हवारी, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, विजय रवि, सुनील कुमार चौधरी, उपेंद्र तिवारी, रीता सिंह, सुशील चौधरी, राधेश्याम चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।



शिलान्यास के दौरान भाजपा नेता श्री चंद्रवंशी।

### तोलरा में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर कमेटी गठित

■ प्रेमशंकर तिवारी बने अध्यक्ष व बिपीन कुमार तिवारी उर्फ रंधा बने सचिव



**विश्रामपुर पलामू।** दुर्गा पूजा को लेकर तोलरा गांव में युवाओं की एक बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से प्रेमशंकर तिवारी को अध्यक्ष एवं बिपीन तिवारी उर्फ रंधा को सचिव चुना गया। मुकेश तिवारी को कोषाध्यक्ष, रोहित तिवारी मुखिया को उपाध्यक्ष, रोहित तिवारी को मीडिया प्रभारी के साथ दो दर्जन युवाओं को कमेटी में अन्य पदों पर चुना गया। अध्यक्ष व सचिव ने बताया कि दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने की तैयारी है। वृंदावन के मशहूर कथावाचक श्रीमद्भागवत कथा करेंगे।

# चेहल्लुम का पर्व साहस, त्याग और बलिदान का प्रतीक है : मनोज सिंह

■ चेहल्लुम पर शाहपुर के गोल्डन क्लब ने किया सम्मान समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चेहल्लुम पर शाहपुर में गोल्डन क्लब द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मेदिनीनगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने भाग लिया। मौके पर पूर्व उपाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि चेहल्लुम का पर्व साहस, त्याग और बलिदान का प्रतीक है। यह त्यौहार मुसलमानों को इमाम हुसैन के जीवन और शिक्षाओं से प्रेरणा लेने और एक बेहतर इंसान बनने का संदेश देता है। यह त्यौहार इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है, जिन्होंने न्याय, समानता और सत्य के लिए अपना बलिदान दिया था। यह त्यौहार त्याग और बलिदान की भावना को याद करने का भी अवसर है। यह पर्व सब्र, सहनशीलता, न्याय और समानता जैसे इस्लामी मूल्यों को मजबूत करने का अवसर देता है। इसलिए हम सभी को इस पर्व के असली मर्म को समझते हुये काम करने की जरूरत है।



# मेहनत और लगन से कार्य करने से हमें लक्ष्य प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता: बीडी प्रसाद

■ ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने मटका फोड़ प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सबका हौसला बढ़ाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर पलामू।** ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद (बीडी प्रसाद) जन्माष्टमी के दौरान तीन गांवों में मटका फोड़ प्रतियोगिता में भाग लिया और विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस दौरान उन्होंने मटका फोड़ प्रतियोगिता में शामिल बड़े-बच्चों को और विजेताओं को प्रोत्साहित किया और अपने लक्ष्य के प्रति सचेत रहने की सीख दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आप सबने लगन और मेहनत के बल पर मटका फोड़ने का लक्ष्य प्राप्त किया, इससे आनेवाली पीढ़ी को यह सीख मिलेगी कि कोई भी काम मेहनत-लगन से किया जाए तो हमें लक्ष्य प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने आर्मी जसवंत जी की मिसाल देते हुए कहा कि जिस तरह से जसवंत जी ने अपनी मेहनत के बलबूते आर्मी बने हैं, ये उनका लक्ष्य था, जिसे उन्होंने हासिल किया।



### सतबरवा प्रखंड में भीम आर्मी की कमेटी गठित



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के बकोरिया स्थित पंचायत सचिवालय के समीप भीम आर्मी प्रखंड कमेटी का गठन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीम आर्मी पलामू जिलाध्यक्ष शशि रंजन भारती, सचिव अनुराग भारती, कोषाध्यक्ष यशवंत पासवान, प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद समाज पार्टी भंडरिया विधानसभा प्रत्याशी अजय सिंह चेरो, जिला आजाद समाज पार्टी सोहेल अंसारी तथा लातेहार जिला अध्यक्ष जगजीवन राम मौजूद रहे। प्रखंड अध्यक्ष सुदर्शन कुमार, उपाध्यक्ष रणजीत कुमार, संतोष कुमार, विकास कुमार, संतु कुमार व मंजीत कुमार, रोशन कुमार, प्रमोद राम, शोएब राजा, सतीश कुमार बने।

### सीता उच्च विद्यालय में संस्कृत सप्ताह समारोह हुआ आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज पलामू।** शहर के मेन रोड स्थित राजकीय सीता प्लस टू उच्च विद्यालय में बुधवार को संस्कृत सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अजय कुमार राय ने की तथा संचालन कार्यक्रम के संयोजक डॉ राजकुमार ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक मृत्युंजय कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि यूएचएस खड़गपुर के प्राचार्य हरिद्वार प्रसाद तथा सारस्वत अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक गणेश राय उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि संस्कृत देवभाषा होने के साथ ही अन्य भाषाओं की जननी है। संस्कृत भाषा से पढ़ाई करने पर भी कैरियर के लिए अनेक अवसर है। समाज में इसके सार्थक प्रचार प्रसार की आवश्यकता है। उन्होंने इसके लिए डा राजकुमार का आभार जताया।



### फांसी लगाकर चाचा ने कर ली आत्महत्या

**पाटन पलामू।** प्रखंड के नावा जयपुर थाना छेत्र के बुढ़ी गांव से हैरान करने वाली घटना सामने आयी है। जहां चाचा भतीजा ने मिलकर जंगल से एक खस्सी चोरी किया जिसके बाद दोनों मिलकर मांस खाया और जमकर शराब पिया । वहीं शराब के नशे में दोनों ने खसी चुराने की बात की जिसे एक महिला ने सुन लिया और गांव वालों को बता दिया। जिसके बाद गांव में पंचायत बैठी और दोनों पर 25 हजार का जुर्माना लगाया गया, जिसे दोनों को आधा-आधा देने को कहा गया।

# सभी पंचायतों में अबुआ आवास के नाम पर है खुलेआम वसूली : विजय रविदास

■ विश्रामपुर मे 12 सूत्री मांगों को लेकर जिला पार्षद ने ग्रामीणों के साथ दिया गया एक दिवसीय धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष बुधवार को जिला पार्षद विजय रविदास ने 12 सूत्री मांगों के समर्थन में ग्रामीणों के साथ मिलकर एक दिवसीय धरना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय रविदास और संचालन लालगढ़ पंसस सूरजमल राम ने किया। मौके पर विजय रविदास ने कहा कि प्रखंड के सभी पंचायतों में अबुआ आवास के नाम पर खुलेआम पैसों की वसूली हो रही है। पंचायतों में विचौलिया सक्रिय हैं। उन्ही के माध्यम से वसूली कराई जा रही है। पैसा नहीं देने वाले जरूरतमंदों को योजना के लाभ से वंचित कर दिया जा रहा है। वहीं सक्षम लोगों को आवास दिया जा रहा है जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।



### 47 लाख की लागत से बने सामुदायिक शौचालय में पांच वर्षों से लटका है ताला



**चैनपुर, पलामू (प्रेमरंजन तिवारी)।** नगर निगम क्षेत्र में कागजों पर भले ही सामुदायिक शौचालयों का संचालन हो गया हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। यहां के अधिकतर सामुदायिक शौचालय क्षतिग्रस्त हो चुके हैं या तो फिर उनके ताले ही नहीं खुल रहे हैं। ऐसे में ग्रामीणों को अब भी खुले में शौच के लिए जाना पड़ रहा है। जो सामुदायिक शौचालय बनवाये गये थे। वह पूरी तरह अधिकारी व संवेदक के उदासीन रवैये की वजह से बेमकसद साबित हो रहे हैं। जो सिर्फ शो पीस बन चुके हैं। यही वजह है कि इनका फायदा ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। ऐसा ही हाल नगर निगम चैनपुर क्षेत्र के वार्ड नंबर 34 में नगर निगम से लगभग 47 लाख की लागत से दो सामुदायिक शौचालय बना हुआ है जो कि लगभग पांच वर्ष से उसमे ताला लटका हुआ है जबसे शौचालय बनकर तैयार हुआ है तब से वर्तमान तक शौचालय ग्रामीणों के लिए चालू नहीं किया गया और शौचालय का कुछ भाग क्षतिग्रस्त हो गया हैं लेकिन शौचालय की सुध लेने वाला कोई नहीं हुआ।

# विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गये सभी पंचायत सचिव

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर बुधवार से प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत सचिव हड़ताल पर चले गये। हड़ताल के घोषणा से पूर्व पंचायत सचिवों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जानकारी देते हुए सतबरवा प्रखंड पंचायत सचिव के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने बताया कि दो सूत्री मांग को लेकर संघ के आवाह्न पर बुधवार से सतबरवा प्रखंड के सभी पंचायत सचिव हड़ताल पर रहेंगे। जिसकी लिखित सूचना बीडीओ सतबरवा को सौंप दी गई है। पंचायत सचिव संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने बताया कि राज्य सरकार से दो सूत्री मांग की जा रही है। जिसमें दो हजार ग्रेड पे को 2400 करने तथा 25% पंचायत सचिवों को बीपीआरओ के पद पर प्रमोशन करने की मांग है। उन्होंने बताया यह दो सूत्री मांग बीते कई वर्षों से चल रहा है जब तक सरकार मांगे नहीं मानती है, तब तक हड़ताल जारी रहेगा। पंचायत सचिवों के हड़ताल पर जाने से झारखंड सरकार के द्वारा 30 अगस्त से आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम प्रभावित होने की आशंका ग्रामीणों के द्वारा व्यक्त कीजा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत क्षेत्र के विकास कार्य में पंचायत सचिवों की अहम भूमिका होती है। हड़ताल के कारण अबुआ आवास योजना, वृद्धा विधवा पेंशन योजना समेत पंचायत से जुड़ी योजनाएं प्रभावित हो सकती है। बैठक में पंचायत सचिव अखिलेश्वर मेहता, संतोष तिवारी, राजीव रंजन, विशाल कुमार, पुष्पा कुमारी तथा सोनी कुमारी शामिल थे।



हड़ताल के दौरान एकजुटता प्रदर्शित करते पंचायत सचिव।

# पाटन प्रखंड क्षेत्र के सभी मुखिया गये अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** झारखंड राज्य मुखिया संघ के आह्वान पर पांच सूत्री मांगों को लेकर पाटन प्रखंड के सभी मुखिया अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये। मुखियाओं के हड़ताल पर चले जाने के कारण पंचायत के कार्यों पर असर पड़ेगा। सरकार के द्वारा किसानों का फसल बीमा किया जा रहा है, लेकिन किसान के फार्म पर मुखिया के द्वारा अनुशंसा नहीं किया जा रहा है।

इस कारण किसानों का फसल बीमा ऑनलाइन नहीं हो पा रहा है। मुखिया संघ ने सरकार से पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य वित द्वारा आवंटित राशि शीघ्र जारी करने, जनप्रतिनिधियों के आकस्मिक मौत हो जाने पर परिवारवालों को तीस लाख रुपये दिये जाने, मुखिया का मानदेय बढ़ाकर तीस हजार रुपये करने, मइयां सम्मान योजना एवं अबुआ आवास योजना में पंचायत जनप्रतिनिधि के सदस्यों को शामिल किया जाने की मांग की गयी। साथ ही बिना किसी जांच के पंचायतों के वितिय अधिकार जब्त नहीं किया जाये। इन सभी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर सभी मुखिया चले गये।




धरना-प्रदर्शन में शामिल जनप्रतिनिधि।

# पेंशन का सहारा

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों के लिए एक नई पेंशन योजना को गत सप्ताह मंजूरी प्रदान की जिसे यूनिफाइड पेंशन सिस्टम (यूपीएस) का नाम दिया गया है। इसे 1 अप्रैल, 2025 से लागू किया जाएगा। इससे उन सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिलेगा जिन्होंने 1 जनवरी, 2024 के बाद नौकरी शुरू की है तथा जो न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) में शामिल हैं। यूपीएस के तहत केंद्र सरकार के कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के पहले के 12 महीनों के औसत मूल वेतन के 50 फीसदी के बराबर पेंशन मिलेगी। इसके लिए शर्त है कि कर्मचारी ने न्यूनतम 25 वर्षों की सेवा अवधि पूरी की हो। कम अवधि तक नौकरी करने वालों की पेंशन कम होगी लेकिन इसके लिए कम से कम 10 साल नौकरी करना जरूरी होगा। न्यूनतम 10 वर्ष नौकरी करने वाले कर्मचारियों को 10,000 रुपये की सुनिश्चित मासिक पेंशन प्रदान की जाएगी। यूपीएस में परिवार पेंशन भी मिलेगी तथा महंगाई का भी ध्यान रखा जाएगा। यूपीएस को मंजूरी मिलने के साथ ही सरकार ने पुरानी पेंशन योजना और नई पेंशन योजना की विशेषताओं को मिलाकर बीच का रास्ता निकालने की कोशिश की है। पेंशन का मसला कुछ राज्यों में हाल में हुए विधानसभा चुनावों में राजनीतिक रूप से भावनात्मक रहा है। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और पंजाब जैसे कुछ राज्यों ने, जहां उस समय राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार नहीं थी, वापस पुरानी पेंशन योजना अपना ली। इसकी वजह से भविष्य की पीढ़ियों पर पेंशन का बोझ पड़ेगा। उधर केंद्र सरकार ने तत्कालीन वित्त सचिव टीवी सोमनाथन के अधीन एक समिति का गठन किया था ताकि इस विषय की पड़ताल की जा सके। कल्याणकारी राज्य की अवधारणा में पेंशन सरकारी नौकरियों का सबसे बड़ा आर्कषण है जिसको लेकर कर्मचारियों में नाराजगी थी।

# 2 लाख नौकरियां

अमेरिकी कंपनी एपल के भारत में ऑपरेशन से इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 6 लाख नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। कंपनी भारत में अपना उत्पादन बढ़ा रही है ताकि चीन पर निर्भरता कम की जा सके। रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च तक भारत में एपल की 2 लाख सीधी नौकरियां होंगी, जिनमें से 70 प्रतिशत महिलाओं के लिए होंगी। ये आंकड़े कंपनी और उसके सप्लायर्स ने सरकार को दिए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एपल के तीन कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर्स– फॉक्सकॉन, विस्ट्रॉन (जो अब टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स है), और पेगाट्रॉन– ने भारत में पहले ही 80,872 सीधी नौकरियां पैदा की हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एपल के तीन कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर्स– फॉक्सकॉन, विस्ट्रॉन (जो अब टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स है), और पेगाट्रॉन– ने भारत में पहले ही 80,872 सीधी नौकरियां पैदा की हैं। इसके अलावा, टाटा ग्रुप, सैलकॉम्प, मदरसन, फॉक्सलिंक (तमिलनाडु में), सनवोडा (उत्तर प्रदेश में), एटीएल (हरियाणा में), और जेबिल (महाराष्ट्र में) जैसे सप्लायर्स ने मिलकर लगभग 84,000 सीधी नौकरियां दी हैं। एपल भारत में ब्लू-कॉलर नौकरियों का सबसे बड़ा क्रियेटर बनकर उभरा है। कंपनी के वर्कफोर्स में मुख्य रूप से महिलाओं के साथ-साथ इंडस्ट्री में पहली बार काम करने वाले लोग हैं। मार्च के अंत तक 5,00,000 से 6,00,000 नौकरियां जनरेट हो सकती हैं। हालांकि इस योजना को 10 सेलेक्टेड कंपनियों के माध्यम से पांच साल में यह लक्ष्य हासिल करना था, लेकिन यह लक्ष्य सिर्फ चार साल में ही पूरा कर लिया है। भारत में अपने चीन मॉडल को सफलतापूर्वक अपनाया है, जिसमें एक बड़ा इकोसिस्टम बनाकर काफी सारे रोजगार के अवसर पैदा किए गए हैं। पिछले 25 सालों में, एपल ने चीन में अपने उत्पादन और ऐप डेवलपमेंट के क्षेत्रों में 40 लाख से ज्यादा नौकरियां पैदा की हैं।

# राहुल: एक यायावर जिसने दुनिया देखी



**हिंदी** साहित्य के इतिहास में महापंडित राहुल सांकृत्यायन यात्रा वृतांत या यात्रा साहित्य के जनक या पितामह माने जाते हैं। इनका जन्म उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के पन्दाहा गांव में 9 अप्रैल, 1893 को हुआ था। इनके पिता गोवर्धन पांडे धार्मिक विचारों वाले एक किसान थे। बाल्यकाल में ही इनकी माता कुलवंती देवी का निधन हो गया था। अतः इनका पालन-पोषण इनके ननिहाल में ही हुआ। राहुल जी के बचपन का नाम केदारनाथ पांडे था। बालक केदार के नाना रामशरण पाठक थे जो फौज में 12 साल नौकरी कर चुके थे। फौजी नाना बालक केदार को दिल्ली, शिमला, नागपुर, हैदराबाद, अमरावती, नासिक इत्यादि जगहों के अनगिनत यात्रा संस्मरण सुनाया करते थे।

कहते हैं- बाल्यकाल के संस्कार जीवन पर्यंत स्थायी रह जाते हैं। यहीं से बालक केदार के मन में यात्रा के प्रति अनुराग उत्पन्न हो गया। उनके अंतःकरण में यात्रा की ललक, यात्रा के प्रति प्रेम अंकुरित करने में ख्वाजा मीर दर्द के शेर की महती भूमिका रही-सैर कर दुनिया की गाफिल जिंदगानी फिर कहां ,जिंदगानी गर कुछ रही तो नौजवानी फिर कहां ?

इस शेर के संदेश ने बालक केदार के मन में बेहद गहरा, बेहद अमिट प्रभाव डाला और इसके बाद इनके घुमक्कड़ी जीवन का सूत्रपात हुआ। राहुल जी की पाठशाला और विश्वविद्यालय यही घुमक्कड़ी जीवन था। उनका मानना था कि घुमक्कड़ी मानव मन की मुक्ति का साधन होने के साथ-साथ अपने क्षितिज विस्तार का भी साधन है। उन्होंने कहा भी था-कमर बांध लो भावी घुमक्कड़ों, संसार तुम्हारे स्वागत के लिए बेकरार है।

राहुल जी ने अपनी यात्रा के अनुभवों को आत्मसात करते हुए घुमक्कड़ शास्त्र भी रचा । वह एक ऐसे घुमक्कड़ थे जो सच्चे ज्ञान की तलाश में थे और जब भी सच को दबाने की कोशिश की गई तो वे विद्रोही हो गए। उनका संपूर्ण जीवन अंतर्विरोधों से भरा पड़ा है। मात्र 11 वर्ष की आयु में जब उनका विवाह जबरन संतोषी नामक बालिका से करवा दिया गया तो वह घर के विद्रोही हो गए। इस विवाह की प्रतिक्रिया में राहुल जी ने किशोरावस्था में ही गृह त्याग कर दिया। घर से भागकर वे बनारस चले आए और फिर वहां से परसा मठ (जिला छपरा, बिहार) में जाकर साधु बन गए । लेकिन सत्यानुरागी राहुल ने जब मठ में रहने वाले साधु और महंतो का आडंबरपूर्ण जीवन देखा तो वहां भी विद्रोही बन गए । घुमक्कड़ी स्वभाव भी उनके प्रयाण का कारण बना । 14 वर्ष की अवस्था में वे कोलकाता भाग आए। ताउम्र गतिशील बने रहे। बड़ी ही निर्भीकता से आगे बढ़ते रहे। उनके मन में न तो कोई दुविधा थी और न अनिश्चय का कुहासा ।



- मुरलीधर

> राहुल जी घुमक्कड़ी के बारे में कहते हैं– मेरी समझ में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ वस्तु है घुमक्कड़ी। घुमक्कड़ से बढ़कर व्यक्ति और समाज का कोई हितकारी नहीं हो सकता। दुनिया दु:ख में हो या सुख में, सभी समय यदि सहारा पाती है तो घुमक्कड़ों की ओर से। प्राकृतिक आदम मनुष्य परम घुमक्कड़ था। और इनकी बातें अक्षरशः सत्य है ।

राहुल जी घुमक्कड़ी के बारे में कहते हैं- मेरी समझ में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ वस्तु है घुमक्कड़ी। घुमक्कड़ से बढ़कर व्यक्ति और समाज का कोई हितकारी नहीं हो सकता। दुनिया दुःख में हो या सुख में, सभी समय यदि सहारा पाती है तो घुमक्कड़ों की ओर से। प्राकृतिक आदम मनुष्य परम घुमक्कड़ था। और इनकी बातें अक्षरशः सत्य है । आदि काल में धार्मिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए घुमक्कड़ी स्वभाव वाले लोगों ने लंबी-लंबी यात्राएं की । तब परिवहन के साधन इतने विकसित नहीं थे । उन लोगों ने पैदल चलकर या घोड़ा गाड़ी और बैलगाड़ी जैसे वाहनों की मदद से अपनी यात्राएं पूरी की। नौका यात्रा ने घुमक्कड़ी को आसान बनाया।मेगास्थनीज,ह्वेनसांग,फाहयान,अल बरूनी, इब्नबतूता, अमीर खुसरो, माकोपोलो, सेल्यूकस निकेटर इत्यादि ऐसे घुमक्कड़ हुए जिनके द्वारा लिखे या बयान किए गए यात्रा वृतांतों से घुमक्कड़ी साहित्य का संवर्धन हुआ । घुमक्कड़ राहुल सांकृत्यायन बीसवीं सदी की उपज थे । तब देश गुलाम था। ब्रिटिश शासन के अंतर्गत भारतीय समाज, संस्कृति, अर्थव्यवस्था और राजनीति सभी संक्रमण काल के दौर से गुजर रहे थे। राहुल जी इन सब से अप्रभावित न रह सके। राहुल जी अप्रतिम प्रतिभा संपन्न थे । वे साधु थे, बौद्ध भिक्षु थे, यायावर थे, इतिहासज्ञ थे, पुरातत्ववेदा थे और साहित्यकार भी थे । वह अलग-अलग राहों पर चले पर सत्य का अन्वेषण नहीं छोड़ा । कलम को भी सदैव साथ रखा। उन्होंने अपनी यात्राओं का विवरण लिखा, नाटक लिखे, कथाएं लिखीं । उनके व्यक्तित्व के अनेक आयाम हैं। शायद ही उनका नाम कभी बिना विशेषण के लिया गया हो। महापंडित, शब्दशास्त्री, त्रिपिटकाचार्य, अन्वेषक,, कथाकार, निबंध लेखक, अन्वेषक, आलोचक, कोषकार , अथक यात्री और भी ना जाने कितने शब्द उनके नाम से ठीक पहले जोड़े गए हैं। राहुल जी की कृतियों की सूची भी काफी लंबी है । आपको हिंदी भाषा और साहित्य की बहुमुखी सेवा करने का गौरव प्राप्त है । इनका अध्ययन जितना विशाल था, साहित्य सृजन उतना ही विराट। राहुल जी 36 एशियाई और यूरोपीय भाषाओं के ज्ञाता थे। उन्होंने लगभग 150 ग्रंथों का प्रणयन किया। सन 1927 ईस्वी में उनके साहित्य के जीवन का प्रारंभ हुआ। उनके द्वारा लिखी गई कहानियां हैं-

1. सतमी के बच्चे2. वोल्गा से गंगा
3. बहुरंगी मधुपुरी4. कनैला की कथा

उन्होंने कई उपन्यास भी लिखे-

1. बाइसवीं सदी जीने के लिए
2. सिंह सेनापति3. जय यौधेय
4. भागो नहीं दुनिया बदलो
5. मधुर स्वप्न 6. राजस्थान निवास
7. विस्मृत यात्री 8. दिवो दास

अन्य महत्वपूर्ण रचनाओं में मेरी जीवन यात्रा, दर्शन दिग्दर्शन, घुमक्कड़ शास्त्र,किन्नर देश में, दिमागी गुलामी, यात्रा के पन्ने, एशिया के दुर्गम भूखंडों में ... इत्यादि प्रसिद्ध हैं। मेरी लद्दाख यात्रा, मेरी तिब्बत यात्रा, तिब्बत में सवा वर्ष, रूस में पच्चीस मास, मेरी यूरोप यात्रा इत्यादि उनके द्वारा लिखे गए अप्रतिम यात्रा वृतांत हैं । सरदार पृथ्वी सिंह, नए भारत के नए नेता आदि उनके द्वारा लिखी गई जीवनियाँ हैं ।

राहुल सांकृत्यायन एक प्रतिष्ठित बहुभाषाविद् थे । बौद्ध धर्म पर उनका शोध हिंदी साहित्य में युगांतरकारी माना जाता है। इस महती कार्य के लिए उन्होंने तिब्बत से लेकर श्रीलंका तक का भ्रमण किया था।

## खास बात

### संस्कृत का महत्व

जीवीएस शास्त्री

**संस्कृत** संस्थानों से पढ़ाई करके बेहतर करिअर निर्माण किया जा सकता है। यदि आप संस्कृत में अपना करिअर बनाना चाहते हैं तो हाई स्कूल की पढ़ाई से ही संस्कृत विषय का चुनाव करना चाहिए। बारहवीं पास करने के उपरांत उन संस्थानों में प्रवेश लेना होगा जो संस्कृत विषय में डिग्री और डिप्लोमा का पाठ्यक्रम करवाते हों। यदि उच्च शिक्षा में रुचि है तो संस्कृत विषय में स्नातकोत्तर किया जा सकता है लेकिन संस्कृत विषय में गहन शोध करने के लिए आपको डॉक्टरेट की उपाधि लेनी होगी। केंद्रीय विद्यालयों में संस्कृत भाषा को तीसरी भाषा के रूप में महत्त्व दिए जाने पर वहां नौकरी के अवसर अधिक बढ़ चुके हैं। संस्कृत में अनुवादक और धर्म गुरु बनने के भी मौके आपको प्राप्त हो सकते हैं। संस्कृत भाषा एवं विषय के अध्ययन के पश्चात युवाओं के लिए रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध हैं, ये अवसर सरकारी, निजी और सामाजिक सभी क्षेत्रों में मौजूद हैं : प्राथमिक अध्यापक विशारद या शास्त्री की अर्हता वाले अभ्यर्थियों के लिए प्राथमिक शिक्षा में करिअर बनाने का अवसर उपलब्ध है। प्रवक्ता या प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक माध्यमिक विद्यालयों में अनिवार्य और ऐच्छिक विषय के रूप में संस्कृत विषय पढ़ाया जाता है। संस्कृत से स्नातक परीक्षा (शास्त्री, बीए) उत्तीर्ण और अध्यापन में प्रशिक्षण (बीएड) प्राप्त अभ्यर्थी इसके लिए पात्र होते हैं। समय समय पर केवीएस व समस्त राज्यों के शिक्षा विभाग इसकी सूचना प्रकाशित करते रहते हैं। प्रशासनिक सेवा संघ लोक सेवा आयोग एवं राज्य लोक सेवा आयोग की ओर से प्रतिवर्ष रिक्तियां निकाली जाती हैं। संस्कृत से स्नातक युवाओं को प्रशासनिक सेवा में जाने तमाम अवसर उपलब्ध हैं। सहायक व्याख्याता देश भर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों एवं राज्य विश्वविद्यालयों में संस्कृत का अध्यापन किया जाता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर सहायक व्याख्याता की नौकरी कर सकते हैं।अनुसंधान सहायक कनिष्ठ शोध अध्येतावृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों को अनुसंधान के लिए छात्रवृत्ति मिलती है।

# अमरत्व

## धर्म-प्रवाह

अनुराग वत्स

**आत्मा** की अमरता के बारे में गीता के ज्ञान का आदि-स्रोत कठोपनिषद को माना जाता है। इसके मूल में मृत्यु, उसका भय, उस भय से उबरकर ज्यादा बड़े अर्थों में जीवन जीने की राह की तरफ इशारे हैं। इन राहों पर चलकर हम शायद वह अमरता भी पा सकते हैं, जो उन लोगों के हिस्से आई, जिनके बारे में हम महापुरुष सरीखा संबोधन प्रयोग में लाते हैं।

कठोपनिषद एक कहानी से शुरू होता है। इसके दो अहम किरदार हैं। यम और नचिकेता। हालांकि कहानी की शुरूआत वाजश्रवा के एक श्राप से होती है। श्राप भी ऐसा, जिसमें मृत्यु की कामना है। श्राप देने वाले वाजश्रवा हैं। उसे झुक कर स्वीकार करने वाला कोई और नहीं, उनका बेटा नचिकेता है।

हुआ यूं कि वाजश्रवा ने अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए यज्ञ करने की ठानी। यज्ञ पूरा हुआ, तो दान की बारी आई। दान में वह लोगों को बूढ़ी, बीमार और बांझ गाएं दिए जा रहे थे। बालक नचिकेता को लगा कि गायों के बाद शायद मेरी बारी आए क्योंकि दान में तो वह दिया जाता है, जो सबसे प्रिय हो।

बालक ने पिता से जिद करके पूछना शुरू कर दिया, ह्यभला आप मुझे किसे दान में देंगे। इससे झल्लाए पिता ने कहा, जा, मैं तुझे मृत्यु को देता हूं। बेटे को श्राप देने के बाद पिता को पछतावा होने लगा। वह बहुद दुखी हो गए। लेकिन बालक नचिकेता पिता को प्रणाम कर मृत्यु के देवता यमराज के द्वार जा पहुंचा। जारी...

## फेसबुक

**केन्द्रीय** कैबिनेट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हुई बैठक में जिन 234 शहरों में एफ एम रेडियो स्टेशन की स्वीकृति दी उसमें हमारे गोड्डा लोकसभा के देवघर में भी 3 एफ एम रेडियो स्टेशन है । –निशिकांत दूबे, सांसद

## आपके ट्वीट

**यहां** के खनिज से, यहां के आदिवासी-मूलवासियों को कोई लाभ नहीं हुआ। इससे इस देश के बड़े-बड़े व्यापारियों को फायदा हुआ। केंद्र सरकार की कंपनियों से 1 लाख 36 हजार करोड़ रूपया बकाया जब हमने मांगा तो हमें जेल में डाल दिया। – हेमंत सोरेन





**इस** योजना को सफल बनाने के लिए दिन-रात एक करने वाले सभी लोगों को भी बहुत-बहुत बधाई। जन धन योजना करोड़ों देशवासियों, विशेषकर हमारे गरीब भाई-बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सफल रही। – नरेन्द्र मोदी

# राहुल के बयानों से लेकर जेएनयू तक एक टूलकिट

## सामयिक

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

ये विषय देश की आंतरिक सुरक्षा, सद्भाव और परस्पर समरसता से जुड़ा है। अभी लगातार दो तरह की घटनाएं घटती दिख रही हैं, एक तरफ राहुल गांधी स्?वयं से नेतृत्व प्रदान कर रहे हैं तो दूसरी ओर जेएनयू जैसे शिक्षा संस्थान और स्वयंसेवी संस्थाएं हैं जिन्हें टूलकिट के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। उद्देश्य दोनों का समान है, भारत में अराजकता का माहौल पैदा करना। वैसे देश की एकता, अखण्डता एवं समरसता के लिए पहले भी न्यायालय कई विषयों पर आगे से स्वतः संज्ञान लेकर हस्तक्षेप करता रहा है। इस मुद्दे पर भी माननीय न्यायालय से आग्रह है कि वह आगे आए ।

देश में घटनाएं कैसे घट रही हैं, आप देखिए; पहले, राहुल गांधी का एक वीडियो सामने आता है, इसे उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में संविधान सम्मान सम्मेलन का बताया जा रहा है। इस सम्मेलन में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी मिस इंडिया कॉन्टेस्ट को लेकर यह दावा करते नजर आ रहे हैं कि देश में नब्बे प्रतिशत लोग सिस्टम का हिस्सा नहीं हैं, कह रहे हैं, मैं तो मिस इंडिया की लिस्ट देख रहा था, उसमें कोई दलित-ओबीसी-आदिवासी, अल्पसंख्यक ही नहीं है। उनके पास हर तरह की प्रतिभा मौजूद है, लेकिन फिर भी वे सिस्टम से जुड़े नहीं हैं। यही कारण है कि हम जाति जनगणना की माँग कर रहे हैं। उनका ये बयान सामने आने के बाद मीडिया ने भी इसे तेजी के साथ आगे बढ़ाया।

स्वभाविक है, जो आंकड़ों में नहीं जाते, अध्ययन करने पर कम, अपने नेता या वरिष्ठ के कहे पर विश्वास अधिक करते हैं । जो साक्षर हैं किंतु शिक्षित नहीं, वस्तुतः देश में ऐसे करोड़ों लोग हैं। अब ऐसे में राहुल गांधी का दिया ये बयान उन्हें सही नजर आ सकता है ! स्वभाविक तौर पर उनके मन में आक्रोश भी पनप सकता है कि बताओ, स्वाधीनता के 77 वर्ष बाद भी देश में अनुसूचित जाति-जनजाति, ओबीसी और अल्पसंख्यकों को उनका अधिकार क्यों नहीं दिया गया है, बल्कि अभी पर कुछ चुनिंदा अपने में तथाकथित बड़ी जातियों ने कब्जा करके रखा है ! किंतु क्या राहुल गांधी यहां जो कह रहे हैं वह सच है माननीय न्यायालय आप जानते हैं कि राहुल गांधी यहां जूठ बोल रहे हैं। देश में सिर्फ मिस इंडिया ही नहीं अनेक प्रमुख प्रतिष्ठति स्थानों पर अजा, जनजा, अल्पसंख्यक लोग विराजमान रहे हैं और वर्तमान में भी हैं।

इस संदर्भ में अनेक तथ्य मौजूद हैं, जैसेकि भारतीय जनता पार्टी नेता तजिंदर पाल सिंह बग्गा ने स्वाधीनता के बाद से अब तक उन महिलाओं की सूची साझा की है, जिन्होंने 'मिस इंडिया' का क्राउन पहना है। इस लिस्ट को जारी करते हुए तजिंदर बग्गा ने एक्स पर लिखा भी कि इस देश में मिस इंडिया कॉन्टेस्ट 1947 में शुरू हुई, उसमें अल्पसंख्यक समाज की कई बहनें विजेता बनी। उन्होंने जो लिस्ट साझा करते हुए एस्टर विक्टोरिया अब्राहम, इंद्रानी रहमान, फेरिअल करीम से लेकर नायरा मिर्जा, अंजुम मुमताज, फरजारा हबीब, सोनू वालिया, गुल पनाग, साराह जेन डायस, नवनीत कौर ढिल्लन तक के नामों का उल्लेख किया है। वस्तुतः लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इतना कहने के बाद भी चुप नहीं रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर बड़े आरोप लगा दिए । इसी संविधान सम्मान सम्मेलन कार्यक्रम में बोलते दिखे कि संविधान की रक्षा, दलित, आदिवासी, ओबीसी करते हैं। उ देश के उद्योगपति में कोई दलित आदिवासी नहीं, मोची, धोबी और बढ़ई के हाथों में जबरदस्त स्किल है, पर देश में हुनर की इज्जत नहीं ह, कितना सही है आगे वे कहते दिखे, स्किल डेवेलमेंट की शुरूआत यूपीए ने की थी किंतु 90 प्रतिशत लोग सिस्टम से बाहर बैठे हैं। पीएम मोदी राजा-महाराजा वाला मॉडल चाहते हैं।

## कॉर्टून वर्ल्ड

युद्ध के बीच...




साभार: कॉर्टून मूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडीटर

### सजग मतदाता

**चुनाव** से पूर्व हर राजनीतिक पार्टी अपने घोषणा-पत्र में लोकलुभावनी घोषणाएं करती हैं। इसलिए सब कुछ दांव पर लगा देते हैं ताकि घोषणा पत्र में ऐसी बातें रखी जाएं, जिससे जनता को अपनी ओर आकर्षित किया जा सके। परन्तु अब जनता इन राजनेताओं के वादों, घोषणाओं से पूरी तरह सावधान रहती है। आखिर इसकी दवा क्या है?

–सत्यप्रकाश गुप्ता, खूंटी

### शिक्षा का संकट

**कोरोना** की वजह से बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा का सहारा लेना पड़ रहा है। शिक्षा संस्थान बंद रखने के फैसले से अभिभावक खुश नहीं हैं। उनका कहना है कि इसका बच्चों की शिक्षा पर बुरा असर पड़ रहा है। शहरी बच्चे तो ऑनलाइन शिक्षा से पढ़ पा रहे हैं लेकिन ग्रामीण बच्चों की हालत ठीक नहीं है। शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है। अब स्कूल खुल रहें है सावधानी हो। –राघव जैन, रांची

# आंसू बहाते विशाखा और महिलाओं की सुरक्षा के दिशा-निर्देश

राकेश दुबे

देश के सर्वोच्च न्यायालय की चिंता और लगभग पूरे देश के रोष के बाद भी राजनीति पश्चिम बंगाल में कुछ लोगों का कवच बनी हुई है। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक की यौन हिंसा के बाद हुई हत्या ने एक बार फिर साबित किया है कि समूचे देश में कामकाजी महिलाओं के लिये कार्यस्थल पर परिस्थितियां कितनी असुरक्षित हैं। वह भी इतनी भयावह कि कार्यस्थल पर ही प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ यह सब वीभत्स घट जाता है। निश्चित रूप से कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न मानव अधिकारों का सरासर उल्लंघन ही है।

कार्यस्थल पर महिलाओं के लिये सुरक्षा अनुकूल वातावरण बनाने के मद्देनजर विशाखा दिशा-निर्देश जारी करने के सत्ताईस साल बाद अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को डॉक्टरों की सुरक्षा को संस्थागत बनाने के लिये तुरंत कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। वहीं दूसरी ओर देश की सर्वोच्च अदालत के निर्देश के अनुपालन हेतु गठित एक राष्ट्रीय टास्क फोर्स को चिकित्सा पेशवरों की सुरक्षा, महिला चिकित्सकों के लिये अनुकूल कामकाजी परिस्थितियां बनाने तथा उनके हितों की रक्षा के लिये प्रभावी सिफारिशें तैयार करने का काम सौंपा गया है। विश्वास किया जाना चाहिए कि ये सिफारिशें यदि जमीनी स्तर पर भी प्रभावी साबित हुई तो किसी भी पेशे में कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा के लिये असरकारी साबित होंगी। लेकिन यह तभी संभव है जब सभी हितधारक एक स्तर पर एकजुट होकर इस दिशा में काम करेंगे। निस्संदेह, किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना होने के वक्त तमाम तरह के उपक्रम होते हैं, लेकिन कुछ समय बाद सब कुछ ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

और यही वजह है कि नई कार्ययोजना बनाते समय इस बात का आकलन करने की सख्त जरूरत महसूस की जा रही है कि महिला सुरक्षा को लेकर मौजूदा कानून और दिशा-निर्देश जमीनी स्तर पर बदलाव लाने में कितने सफल रहे हैं। सही मायनों में कानून बनाने और दिशा-निर्देश जारी करने से ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह है कि उनका अनुपालन कितने पारदर्शी व संवेदनशील दृष्टि से किया जाता है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं कि वर्ष 2012 के निर्भया कांड के बाद देश में कोलकाता कांड में भी उसी तरह की तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई है। जिसके बाद आवश्यकता महसूस की गई कि ऐसे क्रूर अपराधियों को सख्त से सख्त सजा देने वाले कानून लाये जाएं। कालांतर देश में यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम अस्तित्व में आया। दरअसल, महिलाओं के लिये सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ ही विशाखा दिशा-निर्देशों के विस्तार के रूप में इसे अधिनियमित किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले साल, देश की शीर्ष अदालत ने इस अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में गंभीर खामियों की ओर इशारा किया था। साथ ही इससे जुड़ी अनिश्चितताओं की ओर भी संकेत दिया था। इसके उदाहरण के रूप में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं के कार्यान्वयन के लिये केंद्र सरकार द्वारा स्थापित निर्भया फंड अक्सर नकारात्मक कारणों से सुर्खियों में रहा है। जिसमें आवंटित धन का पर्याप्त रूप में उपयोग न करना या फिर इस आवंटित धन का दुरुपयोग होना शामिल है।करीब एक दशक में देश के विभिन्न राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के लिये महिला सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिये आवंटित धनराशि का लगभग छिहत्तर प्रतिशत धन ही खर्च हो पाया है। निश्चित रूप से महिला सुरक्षा की ऐसी चुनौतियों के बीच कम धन का खर्च होना एक विडंबना ही कही जाएगी। वहीं इस दौरान देश में दर्ज किये गए बलात्कार के मामलों की संख्या में केवल नौ प्रतिशत की ही गिरावट दर्ज की गई है। निश्चित रूप से महिलाओं की सुरक्षा को लेकर शुरू की जाने वाली किसी भी नई पहल पर इन तमाम गंभीर तथ्यों को ध्यान में रखना बेहद जरूरी है।

इसमें दो राय नहीं कि महिलाओं की सुरक्षा और कार्यबल में उनकी बड़ी भागीदारी तब तक अधूरी कही जाएगी, जब तक हम न केवल अपराधियों के खिलाफ बल्कि उन अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई नहीं करते, जो अपने कर्तव्य पालन में लापरवाही के लिये दोषी पाये जाते हैं।

स्पीड न्यूज

चितरपुर के सांडी से आ रहे बाइक को ट्रेलर ने मारी टक्कर

## 9 माह के बच्चे और महिला की मौत, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम



दुर्घटना में मृत



लगी जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़- बोकारो मुख्य मार्ग पर अवस्थित सिविल कोर्ट के समक्ष बुधवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक नं जेएच02 बीए9082 को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार एक 9 माह के बच्चे और महिला की मौत हो गयी। वहीं बाइक चला रहा महिला का पति गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना का शिकार परिवार चितरपुर के सांडी से रिश्तेदार के घर से वापस लौट रहा था। दुर्घटना से आक्रोशित लोगों ने रामगढ़ सिविल कोर्ट के पास सड़क को घंटो जाम रखा। दुर्घटना के उपरांत एनडीसी, बीडीओ, सीओ और रामगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन लोग नही माने और सड़क को जाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनो ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। इस दौरान रामगढ़ एनडीसी ने कहा की सरकारी प्रावधान के अनुसार पीड़ित परिवार को मदद दी जाएगी।

## रैयत विस्थापित ने सारूबेड़ा में किया बैठक

**कुजू।** ग्रामीण एवं विस्थापितों द्वारा सारूबेड़ा लोकल में भागीदारी को लेकर हनुमान मंदिर सारूबेड़ा में बुधवार को बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता विस्थापित नेता जगदीश महतो व संचालन पारस महतो ने किया। बैठक में ग्रामीण एवं विस्थापितों की समस्याओं पर चर्चा किया गया। साथ ही सभी ग्रामीणों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। वहीं पूर्व में सौंपे गये मांग पत्र पर भी तक प्रबंधन द्वारा पहल नहीं किये जाने पर नाराजगी जाहिर किया गया। बैठक के दौरान विस्थापित नेता जगदीश महतो ने कहा कि विस्थापितों द्वारा लंबे समय से अपने अधिकार के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। इसके बाद भी प्रबंधन द्वारा न्याय पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित नहीं करती है, तो जोरदार आंदोलन की जाएगी। मौके पर सुनील महतो, गिरधारी महतो, धनेश्वर महतो, जगन्नाथ महतो बकलु, ज्ञानी महतो, कुलेश्वर महतो, विक्रम महतो, केतार महतो, भुनेश्वर महतो,रामेश्वर महतो, बैजू महतो, राजेंद्र महतो, रोहित महतो, पप्पू महतो, विनोद महतो, अनिल महतो, छोटे महतो, वीरेंद्र महतो, विनोद महतो, विजय महतो, छोटन महतो, वीरेंद्र महतो आदि मौजूद थे।

हजारीबाग के चुरचू और कई क्षेत्रों का दौरा कर राज्यपाल ने सुनी लोगों की समस्याएं

# बुनकर सहयोग समिति का प्रयास महिलाओं के हित में हो, उनकी आमदनी बढ़े : राज्यपाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को रामगढ़ में ग्रामीणों से संवाद के उपरांत मॉडल आंगनबाड़ी नर्सरी स्कूल केंद्र, प्रखण्ड-चुरचू, हजारीबाग का अवलोकन किया। राज्यपाल वहां बच्चों से मिले तथा बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। इसके पश्चात राज्यपाल ने मारसल प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति लि० उत्पादक केन्द्र, पंचायत-बहेरा, प्रखण्ड-चुरचू, हजारीबाग का

मारसल प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति उत्पादक केन्द्र, पंचायत-बहेरा, प्रखं ड-चुरचू, हजारीबाग में बुनकर सहयोग समिति के सदस्यों के साथ राज्यपाल ने किया संवाद



माननीय राज्यपाल व अन्य

अवलोकन किया और बुनकर सहयोग समिति के सदस्यों के साथ संवाद किया एवं उनके उत्पादों के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने बुनकर सहयोग समिति के सदस्यों के कार्यों की सराहना की। राज्यपाल महोदय ने कहा कि बुनकर सहयोग समिति के कार्य हमारी बहनों के हित में ध्यान में रखते हुए हो। उन्होंने कहा कि हमारी बहनों की आय में वृद्धि हो, ऐसा प्रयास हो। राज्यपाल श्री गंगवार ने कहा कि वे बुनकरों की कार्यप्रणाली व समस्याओं से अवगत हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी व गुणवत्तापूर्ण बुनकरो के द्वारा निर्मित वस्त्रों की मांग बाजार में बहुत है तथा इस क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं।

उन्होंने बुनकरों को प्रोत्साहित किया तथा कहा कि वे अपनी समस्याओं को लिखकर राज भवन में प्रेषित कर सकती हैं। राज्यपाल के समक्ष बुनकर सहयोग समिति के सदस्यों ने अपने विचार प्रकट किये। इस कार्यक्रम के दौरान प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा, डीआईजी श्री सुनील भास्कर, उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईएएस श्री लोकेश बारंगे व अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## एक पेड़ सौ पुत्र के समान का नारा हुआ बुलंद

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय मजदूर संघ बरका-सयाल एरिया द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार को सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अमृता देवी बिश्नोई के शहादत को याद करते हुए अस्पताल परिसर में पौधारोपण कर इसके संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ एके टोप्पो, डॉ नदीम अनवर, डॉ राजेश कुमार ने पौधा लगाकर किया। मौके पर बरका-सयाल क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एके टोप्पो ने एक पेड़ सौ पुत्र के समान का नारा बुलंद करते हुए कहा कि सभी को अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों के कटाई के कारण दिन-प्रतिदिन प्राकृतिक आपदाओं का खतरा बढ़ते जा रहा है। डॉ नदीम अनवर ने लोगों को पौधारोपण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं को कम करने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रहेगा। डॉ राजेश कुमार ने कहा कि पर्यावरण का हराभरा बनाये रखने के लिए सभी लोगे पौधारोपण कर इसके संरक्षण का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा भी हमसबों का दायत्वि है।

# वृक्ष, पर्यावरण के आभूषण, दूर होता है प्रदूषण



पौधरोपण करते अधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दारु।** प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय हजारीबाग लगभग 60000 पौधे लगाने के लक्ष्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा कर रहा है। लक्ष्य प्राप्ति हेतु कार्यक्रमों की श्रृखंला के तहत दिनांक 28 अगस्त 2024 को के0एस0बन्याल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय के नेतृत्व में मेरु कैंप परिसर के शारीरिक प्रशिक्षण संकाय, क्षेत्र में लगभग 1000 फलदार पौधे लगाकर शहीद गणेश भगत वाटिका का प्रारम्भ किया गया। मेरू कैम्प में पदस्थापित अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों एवं प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़ कर इस अभियान में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी राजेश कुमार, उप महानिरीक्षक, राकेश रंजन लाल, उप महानिरीक्षक, डी0 के0 प्रमाणिक, उप महानिरीक्षक, गणेश कुमार(समादेष्टा) तथा अन्य शामिल रहे।

के0 एस0 बन्याल, महानिरीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्ष प्रकृति की बहुमूल्य संपदा है, पेड़, जंगल और वन इन सबके बिना धरती पर जीवन की कल्पना भी नही की जा सकती हैं। वृक्ष हम सभी के जीवन के लिए अत्यावश्यक निवेश है। पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण तथा बिगडते जलवायु संतुलन को रोकने के लिए वृक्षारोपण की आवश्यकता आज के समय में अति महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होनें कहा कि मेरू सीमा सुरक्षा बल परिवार इसी तरह के आगामी कार्यक्रमों की श्रृखंला के तहत पर्यावरण संरक्षण में अपनी अहम भूमिका निभाता रहेगा।

## प्लस टू हाई स्कूल कट्कमसांडी में किया गया पौधरोपण





पौधरोपण करते छात्र

**हजारीबाग।** प्लस टू हाई स्कूल कट्कमसांडी में प्राचार्य विजय कुमार मसीह ने बुधवार को पौधा रोपण किया। पर्यावरण बचाने का संकल्प लेते हुए छात्रों के साथ प्राचार्य ने विद्यालय परिसर में सैकड़ों पेड़ लगाकर विद्यालय को हरा भरा रखने का संकल्प दिलाया। मौके पर विद्यालय प्रांगण में पचास से अधिक गमलों में विभिन्न प्रकार के शो प्लांट लगाए गए। प्राचार्य ने कहा कि पर्यावरण को तभी संरक्षित रखा जा सकता है जब सभी इसमें सहभागिता देंगे। कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन हेतू आवश्यक है। स्वैच्छिक रूप से वृक्षारोपण कर वृक्षारोपण अभियान को सफल करने का आह्वान किया। साथ ही जोर दिया कि वृक्षों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करनी होगी। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक सुरेश कुमार, सौरभ खत्री, सरोज मालाकर, इमरान अयूब हुसैनी, सुरक्षा गार्ड इसहाक सांगा ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

# नल-जल योजना बहुत ही आवश्यकः राज्यपाल संतोष गंगवार



राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर देते पुलिस के जवान



सखी मंडलों के बीच 57 लाख का चेक वितरण करते



पौधरोपण करते राज्यपाल

## करोड़ों रुपये की परिसंपत्ति का वितरण कर जन समस्याओं से रूबरू हुए राज्यपाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** नल-जल योजना बहुत ही आवश्यक है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा इन योजनाओं को धरातल पर लाया गया है। उक्त बातें झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने कही। श्री गंगवार बुधवार को कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में ग्रामीणों के साथ सवांद सह परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार देश के 80 करोड़ जनता को निःशुल्क आनाज देने का काम कर रही है। केंद्र सरकार के साथ-साथ झारखंड की सरकार जनता के विकास को लेकर बेहतर कार्य कर रही है। जरूरत है आम जनता को योजनाओं की जानकारी लेकर उसका लाभ लेना। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लोगों के विकास के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। योजनाओं के लाभ से कोई वंचित तो नहीं रह रहे हैं, इसके लिए मैं स्वयं आप सभी लोगों के बीच आया हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र द्वारा माताओं-बहनों को 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन दिया जा रहा है। वहीं उन्होंने स्थानीय लोगों से वहां सुलभ शिक्षा सुविधा के संदर्भ में जानकारी प्राप्त करते हुए उन्हें अपने बच्चों को शिक्षित करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि सरकारी विद्यालय में संतोषप्रद पढ़ाई नहीं है तो इससे अवगत कराएं। राज्यपाल ने कहा कि दूषित पानी पीने से गंभीर बीमारियां होती हैं। इसलिए हर घर नल से स्वच्छ जल मिले, इस दिशा में केंद्र सरकार द्वारा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छ पेयजल की सुलभता की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि हमारे देश ने वैश्विक कोरोना महामारी की चुनौती का सबसे कुशलतापूर्वक व बेहतर ढ़ंग से सामना किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान गायन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन गोविंदपुर मध्य विद्यालय के शिक्षक डॉ सुनील कुमार कश्यम ने किया। मौके पर डीडीसी रोबीन टोप्पो, पंचायती राज पदाधिकारी निशा सिंह, रविंद्र कुमार गुप्ता, मांडू बीडीओ संजय कुमार कोनगाड़ी समेत कई अधिकारी के अलावे मुखिया ललिता देवी, पश्चिमी मुखिया जयकुमार ओझा, पंचायत सचिव चांदनी कुमारी, प्रवीण मेहता, अशोक कुमार, धर्मराज राम, राजू चतुर्वेदी, संतोष मेहता सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## रेलवे साइडिंग से प्रदूषण व पेयजल आपूर्ति का मुद्दा रहा हावी

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मौजूद ग्रामीणों से अपनी-अपनी क्षेत्र की जन समस्याओं से अवगत कराने कराने की बात कही। जिस पर ग्रामीण महिलाओं ने अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, शिक्षा, पेयजल, कुजू रेलवे साइडिंग प्रदूषण समेत विभिन्न समस्याओं से राज्यपाल को अवगत कराया गया। जिस पर राज्यपाल ने उपायुक्त से इस सन्दर्भ में जानकारी लिया। जिस पर उपायुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि यह माईनिंग क्षेत्र है, प्रदूषण की समस्या को कम करने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। एक ग्रामीण द्वारा कहा गया कि कुजू में पानी की आपूर्ति निरंतर नहीं होती है, माह में लगभग 10 दिन ही पानी की आपूर्ति होती है। एक ग्रामीण महिला द्वारा यह अवगत कराया गया कि अबुआ आवास योजना का लाभ ऐसे व्यक्तियों को भी दिया जा रहा है, जो पात्रता नहीं रखते हैं। राज्यपाल ने आवेदन देने की बात कही।

## लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने प्राचीन शिव मंदिर सयाल में किया पौधरोपण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पर्यावरण की हरियाली को लेकर बुधवार को लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने प्राचीन शिव मंदिर सयाल में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जॉन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन डॉ राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन लायन अखिलेश शर्मा एवं जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा ने पौधारोपण कर किया। इस दौरान क्लब के लोगों ने सयाल स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में आम, अमरूद, पपीता, कटहल, शरीफा, नींबू सहित दर्जनों फलदार एवं छायादार पौधे लगाकर इसके संरक्षण का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर आज के प्रोजेक्ट चेयरपर्सन लायन डॉ एमके मंजुल ने कहा कि पौधारोपण क्लब का अभियान है। इसी के तहत हमसभी ने पौधारोपण के साथ-साथ इसके संरक्षण का भी संकल्प लिया है। क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल ने लोगों को पौधारोपण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं को कम करने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रहेगा। सचिव अंजू देवी ने कहा कि पर्यावरण का हराभरा बनाये रखने के लिए सबों को पौधारोपण करने के साथ-साथ इसके संरक्षण का भी संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा भी हमसबों का दायत्वि है। कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने एक पेड़ सौ पुत्र के समान का नारा बुलंद करते हुए कहा कि सभी को अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए।

एक नजर में

## बरही में 30 को विशाल हिन्दू महासम्मेलन का आयोजन

**बरही।** 30 अगस्त को बरही में सनातन बंधु और विश्व हिन्दू परिषद के स्थापना के षष्ठीपूर्ति वर्ष एवं श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के अतीम कार्यक्रम के पश्चात विश्व हिन्दू परिषद बरही की ओर से एक विशाल हिन्दू महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस महासम्मेलन में सनातन धर्मावलंबियों को आमंत्रित किया गया है, ताकि वे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सनातनी एकता का परिचय दें। उक्त बातें विहिप के जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता ने कही। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता केंद्रीय मंत्री सह केंद्रीय विशेष सम्पर्क प्रमुख अम्बरीश जी होंगे। महासम्मेलन का आयोजन 30 अगस्त को जी.टी. रोड नगर बरसोत में कस्तूरबा गांधी विद्यालय के बगल में किया जाएगा। कार्यक्रम का समय सुबह 10:30 बजे निर्धारित किया गया है। यह आयोजन विश्व हिन्दू परिषद परिवार, प्रखंड बरही के तत्वावधान में संपन्न होगा।

## बेहतर सुविधाएं और अवसर प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है : विजय यादव

**बरही।** मलकोको पंचायत अंतर्गत बुंडू में खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों को एक विशेष प्रोत्साहन मिला जब मुखिया संघ के अध्यक्ष और बरही पूर्वी भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यादव ने फुटबॉल टीम को महत्वपूर्ण खेल सामग्री प्रदान की। उन्होंने खिलाड़ियों को फुटबॉल, जर्सी और नेट देकर उनकी खेल में दिलचस्पी को बढ़ावा दिया। इस अवसर पर यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने और खिलाड़ियों को समर्थन देने के लिए ऐसे कदम आवश्यक हैं। विजय यादव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, बल्कि मानसिक विकास के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि गांव के युवाओं में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए उन्हें बेहतर सुविधाएं और अवसर प्रदान करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। इस कार्यक्रम में रोहित यादव, मनोज यादव, मुकेश यादव, प्रदीप यादव, राजू यादव, दीपक यादव, संदीप यादव, नारायण यादव, देवेंद्र यादव, सकलदेव यादव, राजेश यादव, रंजीत यादव, और शशि यादव आदि उपस्थित थे।

## बरही में खेल प्रतियोगिता में अंडर-14 के बच्चों ने लिया भाग

**बरही।** बरही प्रखंड मैदान में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड 2024-25 का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रखंड मनोज रजक, बरही पश्चिमी जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी, बीईईओ किशोर कुमार, बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, बीपीएम अरुण शर्मा समेत विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। 100 मी दौड़ बालक वर्ग में प्रथम स्थान शिव कुमार, द्वितीय स्थान सुधीर कुमार एवं तृतीय स्थान कुंदन कुमार, बालिका वर्ग में प्रथम स्थान नजमा खातून, द्वितीय स्थान खुशबू कुमारी एवं तृतीय स्थान अंशु कुमारी, 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम स्थान राजन कुमार द्वितीय स्थान अभिषेक कुमार, तृतीय स्थान दीपू कुमार, बालिका वर्ग में प्रथम स्थान लक्ष्मी कुमारी, द्वितीय स्थान रीना कुमारी एवं तृतीय स्थान बीमा कुमारी, 400 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम स्थान राजन कुमार द्वितीय स्थान विक्रम कुमार प्रजापति एवं तृतीय स्थान महताब खान बालिकाओं में प्रथम स्थान सुनैना कुमारी, द्वितीय स्थान तुलसी कुमारी एवं तृतीय स्थान रोशनी परवीन 600 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम स्थान अमित कुमार द्वितीय स्थान सचिन कुमार एवं तृतीय स्थान नितेश कुमार 600 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम स्थान बबली कुमारी द्वितीय स्थान दीपिका कुमारी एवं तृतीय स्थान प्रीति कुमारी ने प्राप्त किया। इसी प्रकार कुल 14 खेल हुए। जिसमे सभी विद्यालय के बच्चो ने काफी उत्साह पूर्वक खेल प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले बच्चो को मुख्य अतिथियों द्वारा मेडल देकर उनको प्रोत्साहित किया गया। मौके पर किशोरी महतो, अयोध्या कुमार, मथुरा प्रसाद, डॉ सुनील यादव, राजेन्द्र आर्या, रविकांत ओम, विजय कुमार दास, किशोर कुमार, सहजाद अहमद, अश्विनी श्रीवास्तव, रौशन कुमार, दीपक कुमार यादव, रंजीत कुमार सिंह, उपेंद्र शर्मा, पूनम कुमारी, बीपीएम अरूण कुमार, दिलीप कुमार, चंचल कुमार सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव, 40 वर्षों की सक्रिय राजनीति और जनसेवा का प्रतीक

**बरही।** बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव राजनीति में एक प्रतिष्ठित नाम हैं, जिन्होंने पिछले 40 वर्षों से राजनीति में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई है। मनोज यादव न केवल बरही बल्कि पूरे क्षेत्र में एक लोकप्रिय नेता के रूप में जाने जाते हैं, जिनकी राजनीति का आधार जनसेवा और क्षेत्रीय विकास रहा है। मनोज कुमार यादव का राजनीतिक करियर तब से शुरू हुआ जब बिहार और झारखंड एक संयुक्त राज्य था। अपनी प्रभावशाली कार्यशैली और जनता के प्रति समर्पण के चलते वे उस समय बिहार सरकार में वन मंत्री के पद पर आसीन हुए। उनके कार्यकाल के दौरान, उन्होंने वन विभाग में कई महत्वपूर्ण सुधार और विकास कार्य किए, जो आज भी उनकी उपलब्धियों के रूप में याद किए जाते हैं। अपनी राजनीतिक जिम्मेदारियों के अलावा, मनोज यादव ने हमेशा क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में शामिल होकर अपनी लोकप्रियता को बनाए रखा है। चाहे कोई आपदा हो, कोई सामाजिक मुद्दा हो, या फिर किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत समस्या, मनोज यादव ने हर मौके पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। उनके इस समर्पण ने उन्हें बरही और आसपास के क्षेत्रों में लोगों के दिलों में एक विशेष स्थान दिलाया है। मनोज कुमार यादव का यह लंबा राजनीतिक सफर उनके दृढ़ संकल्प और जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उनकी लोकप्रियता और जनसेवा के प्रति उनकी निष्ठा ने उन्हें बरही विधानसभा क्षेत्र में एक ऐसे नेता के रूप में स्थापित किया है, जिनकी उपस्थिति मात्र से लोगों में विश्वास और आशा का संचार होता है। उनके नेतृत्व में, क्षेत्र के लोग विकास और समृद्धि की उम्मीद करते हैं, और यही कारण है कि मनोज यादव आज भी जनता के लोकप्रिय नेता बने हुए हैं।

## जवाहर नगर में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भुरकुंडा के जवाहर नगर में बच्चों के बीच फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में दर्जनों बच्चों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में शामिल सक्षम राजभर, अंश राजभर, शानवी कुमारी, चीकू, किट्ठू, सार्थक राजभर, प्रतीक सहित दर्जनों नन्हे मुन्ने बच्चों ने राधा कृष्ण का रूप धारण कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। साथ ही अपनी नटखट प्रस्तुति से उपस्थित लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस दौरान अभिभावकों ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें अपना आशीर्वचन दिया।

## रैयत विस्थापित ने सारूबेड़ा में किया बैठक

**कुजू।** ग्रामीण एवं विस्थापितों द्वारा सारूबेड़ा लोकल में भागीदारी को लेकर हनुमान मंदिर सारूबेड़ा में बुधवार को बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता विस्थापित नेता जगदीश महतो व संचालन पारस महतो ने किया। बैठक में ग्रामीण एवं विस्थापितों की समस्याओं पर चर्चा किया गया। साथ ही सभी ग्रामीणों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। वहीं पूर्व में सौंपे गये मांग पत्र पर भी तक प्रबंधन द्वारा पहल नहीं किये जाने पर नाराजगी जाहिर किया गया। बैठक के दौरान विस्थापित नेता जगदीश महतो ने कहा कि विस्थापितों द्वारा लंबे समय से अपने अधिकार के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं।

## चंदवा: कुष्ठ रोगी खोजो अभियान व एडल्ट बीसीजी टीकाकरण कार्यक्रम की हुई शुरूआत

# 13 सितंबर तक चलेगा कुष्ठ रोगी खोजो अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार व जिला यक्ष्मा पदाधिकारी शोभना टोपनो के निर्देशानुसार चंदवा में 28 अगस्त से 13 सितंबर तक चलने वाले विशेष पोस्ट रोगी को जो अभियान 2024 व एडल्ट बीसीजी टीकाकरण कार्यक्रम की शुरूआत बुधवार को हुई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर कुष्ठ रोगी खोज अभियान एवं एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ नीलिमा कुमारी, डॉ मनोज कुमार डॉ प्रकाश बड़ाइक डॉ तरुण जोश लकड़ा बीपीएम अमित कुमार सिंह ने दीप जलाकर किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलिमा कुमारी ने बताया कि कुष्ठ रोगी खोजो अभियान (लेप्रोसी केस डिटेक्शन कैंपेन) 2024 के सफल क्रियान्वयन के लिए सबका समन्वय व सहभागिता जरूरी है। 28 अगस्त से 13 सितंबर 2024 तक आयोजित होने वाले कुष्ठ रोगी खोज अभियान के दौरान प्रखंडों के संपूर्ण आबादी का शत-प्रतिशत कुष्ठ रोग से संबंधित शारीरिक जांच किया जाएगा। जिसको लेकर समन्वय समिति एवं खोजी दल के सदस्यों का प्रशिक्षण, सामग्रियों का वितरण, स्क्रीनिंग एवं अन्य कार्यों की तैयारी को पूर्ण कर लिया गया है। आगे कहा कि इस अभियान के बारे में गांव-गांव तक लोगों को


कार्यक्रम का शुभारंभ करते लोग।

जानकारी होनी चाहिए तभी हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। प्रखण्ड में जितने भी सहिया हैं वे सभी घर घर जाकर कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी देगी। लोगों को कुष्ठ रोग के लक्षण, कारण, उपचार आदि सभी चीजों की जानकारी होनी चाहिए साथ ही लोगों को यह भी जानकारी होनी चाहिए कि कुष्ठ रोग का इलाज एवं एमडीटी दवा सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुफ्त में दी जाती है।

खोजी दल अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों के सभी घरों में जाकर कुष्ठ का संदेहास्पद रोगियों को चिन्हित करते हुए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द में संपुष्टि के लिए भेजेंगे। जहां पर चिकित्सकों के द्वारा उन लोगों का जांच किया जाएगा तथा रोग की संपुष्टि होने पर समुचित ईलाज प्रारम्भ किया जाएगा।

आगे बताया कि कुष्ठ संक्रामक रोग है। यह रोगाणु से फैलता है, यह त्वचा एवं तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है। संक्रमण के 3 वर्ष के बाद यह अप्रत्यक्ष रूप से दिखने लगता है। यह किसी भी आयु वर्ग के लोगों को हो सकता है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग का पूर्ण उपचार है। इसकी अवधि 6 से 12 महीने की है। यह उपचार कुष्ठ को फैलने से पूरी तरह रोक देता है। उन्होंने बताया कि इसका इलाज सभी सरकारी अस्पताल में संभव है। जागरूकता के साथ ही इससे बचा जा सकता है। इस दौरान एडल्ट बीसीजी टीकाकरण से सम्बंधित जानकारी भी साझा की गयी। डॉक्टरों ने बताया कि वैसे तो बीसीजी का टीका शिशु को जन्म के बाद दी जाती है लेकिन इसके अच्छे परिणाम को देखते हुए अब वयस्को को भी वैक्सीन लगाई जाएगी। यह टिका टीबी रोग से बचाव के लिए सुरक्षित वैक्सीन है। वयस्क वैक्सिनेशन को लेकर लोगो को सात श्रेणियों में बंटा गया है। इन्ही श्रेणी के लोगो को टिका लगाया जाएगा। मौके पर स्वास्थ्य कर्मी विनीता कुमारी, एमटीएस कृष्णकांत, एमपीडब्ल्यू सीताराम, सुमित कुमार, प्रवीण कुमार, मनीष कुमार, कमला चरमाको, रमेश राम, रवि मिश्रा के अलावे अन्य कर्मी भी मौजूद थे।

## एक नजर में

### बालू भंडारण करने वाले कम्पनी को भेजा गया नोटिस कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर होगी कार्रवाई


जानकारी देते हुए बीडीओ सह सीओ।

**बारियातू।** एनजीटी रोक के भी वावजूद प्रखंड में विभिन्न बालू घाटों से हो रहे बालू उठाव एवं भंडारण की सूचना पर सीओ नंद कुमार राम एवं थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बालू घाट एवं कंट्रक्सन साइट में बालू भंडारण का निरक्षण किया। सीओ नंद ने बताया कि बारियातू अंचल के सभी बालू घाटों एवं विभिन्न पंचायतो में हो रहे कंट्रक्सन साइट पर किये गए बालू भंडारण का निरक्षण किया गया है। सभी कंट्रक्सन साइट में कार्य कर रहे कंपनी के संचालक को बालू भंडारण से सम्बंधित कागजात दिखाने का नोटिस थाना के माध्यम से किया गया है। जो कंपनी बालू भंडारण से सम्बंधित कागजात नही दिखाएंगे। उनपर विभागीय कार्रवाई के लिए वरीय पदाधिकारियों को पत्राचार किया जाएगा। थाना प्रभारी राजा ने कहा कि किसी भी स्थिति में अवैध खनन नही करने दिया जाएगा। थाना प्रभारी ने प्रखंड वासियो अपील करते हुए कहा की क्षेत्र मे कंही भी अवैध बालू उत्खनन हो रहा हो या भंडारण किया हो तो तुरंत सूचित करें।

### सलाम अंसारी ने विधानसभा लड़ने का ठोका दावा


दावेदारी पेश करते सलाम अंसारी।

**बरवाडीह।** झारखण्ड में विधानसभा चुनाव सिर पर है, जिसको लेकर चुनावी तैयारियों का सिलसिला भी तेज हो गया है। साथ ही टिकट के दावेदारों की धड़कनें भी तेज हो गई है। इधर बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र के पोखरी कला निवासी कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव सह 15 सूत्री सदस्य सलाम अंसारी ने भी कांग्रेस के टिकट पर पांकी विधानसभा क्षेत्र 75 से उम्मीदवार के रूप में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। बुधवार को उन्होंने अपनी उम्मीदवारी को लेकर आवेदन स्वरूप बायोडाटा पार्टी के जिला अध्यक्ष जयेश रंजन उर्फ बिट्टू पाठक को सौंपा। सलाम अंसारी ने पिछले 25 वर्षो से कांग्रेस पार्टी की सेवा की है, और सक्रिय रहकर पार्टी संगठन को मजबूत बनाने का काम किया है। अब उन्होंने विधानसभा चुनाव लड़ने का दावा ठोका है।

### साहेबटिकवा में फुटबॉल टूनार्मेंट का हुआ शुभारंभ


टूनार्मेंट का शुभारंभ करते मुखिया।

**बरवाडीह।** प्रखंड के चुंगरू पंचायत अंतर्गत साहेबटीकवा गांव स्थित फुटबॉल मैदान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुधवार को फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि मुखिया बलदेव परहिया ने फीता काट कर एवं फुटबॉल कीक कर किया। उद्घाटन का पहला मैच अमवाटीकर बनाम अवाराझरिया टीम के बीच खेला गया। इस दौरान खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुखिया बलदेव परहिया ने उनका हौसला अफजाई किया। साथ ही उन्होंने खेल को कैरियर के रूप में अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता का भी वृद्धि होता है। खेल जीवन में महत्वपूर्ण अंग है। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। मुखिया ने टूनार्मेंट के आयोजन होने से ग्रामीण क्षेत्र की खिलाड़ियों को प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान होगा। मौके पर समाजसेवी कृष्णा यादव, पप्पू यादव, संजू यादव, उमाशंकर, प्रेम कुमार, जवाहिर समेत कॉफी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामीणों लोग उपस्थित थे।

### अयोध्या राम मंदिर तीर्थ यात्रा को लेकर 25 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**चंदवा।** सरोज नगर चंदवा निवासी सुनील कुमार के पहल पर बुधवार को चंदवा से 25 श्रद्धालुओं का जत्था सुरक्षित वातानुकूलित बस से तीर्थ यात्रा पर रवाना हुए। यात्रा को दौरान तीर्थ यात्री श्रीअयोध्या स्थित राम लल्ला मंदिर, विंध्याचल, अष्टभुजी, संगम प्रयागराज, व काशी बनारस स्थित विश्वनाथ मंदिर का दर्शन करेंगे। तीर्थ यात्रियों ने बताया कि यात्रा के दौरान वे क्षेत्र की सुख समृद्धि व शांति की कामना करेंगे। श्रद्धालुओं के जत्थे में बनवारी साहू, अनिल प्रसाद, आरएन पांडेय, राजवल्लभ सिंह, उर्मिला देवी, नीलम देवी, मीरा देवी, सरजू देवी, शीला देवी, निर्मला देवी, सरिता देवी, ललिता देवी, अनिल साहू, पवन साहू, नांदलाल साहू, प्रेम शंकर साहू, पूनम देवी, संजू देवी, रसीला देवी, बरती देवी, आशो देवी समेत अन्य शामिल हैं।

### चंदवा: आर्म्स व यूपीए एक्ट के अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार


इश्तेहार चिपकाती पुलिस।

**चंदवा।** माननीय न्यायालय के निर्देशन में लातेहार थाना कांड संख्या 176/23 के अभियुक्त अब्दुल अंसारी पिता शुभम राय के चंदवा तिलैयाटांड स्थित आवास पर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। लातेहार पुलिस की टीम ढोल के साथ पहुंची व लोगो को इकट्ठा कर अभियुक्त के घर विधिवत इश्तेहार तामील किया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त अब्दुल अंसारी के विरुद्ध उक्त कांड में आईपीसी की विभिन्न धराओ के साथ 27 आर्म्स एक्ट, 17 सीएलए एक्ट एवं 10/13 यूपीए एक्ट, 3/4 प्रिवेंशन ऑफ डैमेज टू पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट 1984 के तहत मामला है व लंबे समय से पुलिस को इसकी तलाश है। इश्तेहार चिपकाए जाने के मौके पर पुअनि रविन्द्र सिंह, पंकज कुमार समेत दल बल के जवान शामिल थे।

### कुष्ट एवं टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर शिविर का हुआ आयोजन


कार्यक्रम का शुभारंभ करते चिकित्सक।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुष्ट रोग एवं टीबी रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद, डॉक्टर अलीशा टोप्पो, डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर जानकारी देते हुए डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद ने बताया की बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से चलाये जा रहे कुष्ट रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 28 अगस्त से आगामी 13 सितंबर तक अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य कर्मियों, सहिया द्वारा कुष्ठ रोगीयो की पहचान कर उनका जांच एवं इलाज किया जाएगा। आगे बताया कि यह बीमारी छुआछूत बीमारी नहीं है इस बीमारी का इलाज संभव है। वही डॉक्टर अलीशा टोप्पो ने बताया कि टीबी मुक्त भारत बनाने को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कई तरह का अभियान चलाया जा रहा है। लोगो को टीबी बीमारी से मुक्त करने को लेकर विभिन्न स्वास्थ्य कर्मियों सहिया दीदी द्वारा घर-घर जाकर अभियान चलाया जाएगा और मरीजों की पहचान किया जाएगा।इसके लिये बीसीजी का टीका लगाया जाएगा। बीसीजी का टीका किसी व्यक्ति को टीबी पैदा करने वाले बैक्टीरिया से संक्रमण होने से नहीं रोकता है लेकिन यह बीमारी के विकास को रोकता है। मौके पर बीपीएम मृत्युंजय कुमार, एमपीडब्ल्यू अनिल कुमार, मिथिलेश कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### मनिका प्रखंड में नवनिर्मित लोहिया भवन का विधायक ने किया उद्घाटन


कार्यक्रम में उपस्थित विधायक व अन्य।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के एसबीआई रोड स्थित नवनिर्मित लोहिया भवन का स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने उद्घाटन किया। बता दें की पूर्व से यह भवन जर्जर अवस्था में थी जिसका स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के प्रयास से सुंदरीकरण व चार दिवारी का निर्माण करवाया गया है इस भवन के पुनः निर्मित होने से यहां के लोगों को समाजिक व राजनीतिक कार्य,समारोह,बैठक,कार्यक्रम इत्यादि के लिए काफी सहूलियत मिलेगी। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि किसी भी क्षेत्र का विकास एकजुटता से होता है इसलिए क्षेत्र के लोगों को आपसी एकजुटता बनाए रखने की जरूरत है। मौके पर प्रमुख प्रतिमा देवी,कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश कुमार यादव, पूर्व राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार साहू, सुरेंद्र भारती, कामेश्वर प्रसाद यादव, वृन्दबिहारी प्रसाद यादव, मनोज यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

### मुखिया संघ के अध्यक्ष ने जगराहा में किया फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन


उद्घाटन के मौके पर उपस्थित लोग।

**चंदवा।** चंदवा पूर्वी पंचायत अंतर्गत जगराहा में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का शुभारंभ बुधवार हुआ। बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष जतरू कुमार मुंडा, पंचायत समिति चंदवा पूर्वी मंजय उरांव व कमलेश उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इसके पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर हौसला बढ़ाया। फुटबॉल टूनार्मेंट आयोजक कमिटी अध्यक्ष संचित लकड़ा, सचिव जॉनसन लकड़ा, कोषाध्यक्ष सूरज लकड़ा ने अतिथियों का स्वागत किया। उद्घाटन के उपरांत टूनार्मेंट का पहला मुकाबला एनवाईसी क्लब चंदवा एवं तिसिया लोहरदगा के बीच खेला गया जिसमें पेनाल्टी शूट में एनवाईसी क्लब चंदवा की टीम विजयी हुई। मौके पर जतरु मुंडा ने कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। युवाओं को अपने जीवन में खेल को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। शिक्षा के साथ- साथ खेल भी जरूरी है। मौके पर कमिटी के सदस्य लुलु उरांव,निर्मल उरांव, रूपन उरांव, सुशील उरांव,राजेश उरांव, कमलेश उरांव, सूरज उरांव,सचिन उरांव, महेंश उरांव, बबलू उरांव,पवन उरांव, निशु उरांव, रंजित उरांव, दिनेश उरांव, मुकेश उरांव, प्रियजन उरांव, अकाश उरांव, अंकित उरांव, रूपेश उरांव, एलेक्स उरांव एवं सैकड़ो खेल प्रेमी ग्रामीण उपस्थित थें।

### मुखिया ने डुमारो पंचायत के सभी विद्यालयों की समीक्षात्मक बैठक, किया निर्देशित

**चंदवा।** प्रखण्ड के डुमारो पंचायत की मुखिया सुनीता खलखो की अध्यक्षता में बुधवार को पंचायत अंतर्गत संचालित सभी कोटी के विद्यालयों की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, संकुल साधन सेवी के साथ डाइट प्रतिनिधि शंकर उरांव शामिल थे। समीक्षात्मक बैठक के दौरान डाइट प्रतिनिधि शंकर उरांव ने प्रोजेक्ट इंपैक्ट के माध्यम से चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। संकुल साधन से विकास कुमार ने बताया कि पंचायत में कुल 11 विद्यालय संचालित है, जिसमें 6 विद्यालय द्वारा अभी तक नामांकित संबंधी डाटा उपलब्ध कर गया शेष पांच विद्यालय का डाटा विद्यालय के प्रधानाध्यप उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

## खीस्त राजा विद्यालय में पर्ची फेंककर 25 लाख की रंगदारी मांगने के मामले में पांच गिरफ्तार, गए जेल

➲ प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के नाम से पर्चा फेक कर मांगी गई थी रंगदारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान खीस्त राजा उच्च विद्यालय में उग्रवादी संगठन जेजेएमपी संगठन के नाम से पर्ची फेंक कर 25 लाख रुपए रंगदारी मांगे जाने का सासनीखेज मामला सामने आया है। मामले में एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना पर चंदवा पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रंगदारी मांगने के मामले से संलिप्त मुख्य साजिशकर्ता राहुल कुमार सिंह पिता पिता जगमोहन सिंह (स्थायी पता इंचादाग ओरमांझी रांची) वर्तमान पता रखात चंदवा समेत मनोरंजन राम (कुसुमटोली चंदवा), कार्तिक उरांव पिता सुरज उरांव (लुकुईया चंदवा), रॉकी कुमार साव पिता संदीप साव (रखात चेटर चंदवा) व रमेश गंझू पिता रघुनाथ गंझू (चाय हेरहंज) कुल पांच लोगों को गिरफ्तार कर बुधवार को मंडल कारा भेज दिया। मामले में प्रेस बयान जारी कर पुनि सह थाना रणधीर कुमार ने बताया कि बीते 6 एवं 7 अगस्त को 25 लाख रुपये रंगदारी मांगने को लेकर


गिरफ्तार अपराधी।

पर्चा फेका गया था, जिसको लेकर चंदवा थाना में कांड संख्या 107/24 में धारा 308 (1) / 308 (3) /3(5) बीएनएस एक्ट के अंतर्गत अभियुक्त जेजेएमपी राहुल सिंह व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

कांड के अनुसंधान के क्रम में टेक्निकल सेल की मदद से पांचों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, साथ ही उनके निशानदेही पर रंगदारी मांगने में प्रयुक्त सिम, मोबाइल फोन एवं पर्चा बरामद किया गया। इसके अलावे अभियुक्त के पास से 7 मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। छापामारी दल में पुअनि रविन्द्र कुमार सिंह, किशोर मुंडा, सअनि अरविंद कुमार सिंह समेत सैट 44 चंदवा थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल बारियातू का प्रबंधन समिति अध्यक्ष बनाये गये राजीव कुमार पपू

**बारियातू।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट प्लस हाई स्कूल के प्रांगण मे विद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्णगठन हेतु बैठक की गई। जिसमे जिला शिक्षा अधीक्षक अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा अभियान लातेहार के ज्ञापंक 633 दिनांक 27/06/ 2024 के आलोक में विद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्ण गठन हेतु विचार विमर्श किया गया। विचार विमर्श के उपरांत 19 सदसीय पदाधिकारी व सदस्यों का विभागीय मापदंड के अनुसार चयन किया गया। जिसमे राजीव कुमार पपू अध्यक्ष व ललिता देवी उपाध्यक्ष सर्व सम्मती से बनाया गया। वहीं करमी देवी, चिंता देवी, महेश्वरी देवी, सुषमा देवी,सोमनाथ भगत, धर्मदेव उरांव,सुबोध कुमार, मो. जाकिर अंसारी, मुन्ना उरांव, रुपेश कुमार साव (भूगोल) सदस्य बनाए गये। वहीं श्रवण कुमार मिश्रा (प्रधानाध्यापक) निम्मी मनीषा (गणित ) हर्षित हर्ष (भौतिक) देवराज कुमार (बाल संसद) प्रखंड कल्याण पदाधिकारी बीओ को सर्वसम्मित सें चयनित किया गया। मौके पर साबो देवी,सुकरमनी देवी,सरिता देवी, राधा देवी, बसंती देवी, नागेश्वर गंझु, मुनिया देवी, राजमणि देवी, सूरज मनी देवी सारो देवी, जमुनी देवी, मुनिया देवी, ललिता देवी सहित काफी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

## मण्डल डैम व चिरमिरी रेल परियोजना के नाम पर भी जनता को मिला धोखा

➲ पूर्व मुख्यमंत्रियों की पार्टी बन कर रह गई भाजपा : आशुतोष सिंह चेरो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** आदिवासी अगुआ आशुतोष सिंह चेरो ने कहा कि पिछले साढे चार साल पहले जब देश और राज्य में भाजपा की डबल इंजन की सरकार थी। उस दौरान राज्य की रघुवर दास की सरकार ने हम आदिवासीयों से बहुत कुछ छीनने का काम किया है। भाजपा ने हम आदिवासी मूलवासी को जमीन से बेदखल करने का काम किया। जितने भी गैर मजरूआ जमीन की जोत कोड़ का काम एक बड़ी आबादी आदिवासी करता था। उन सभी जमीन को भूमि बैंक मे डाल कर आदिवासी को उस जमीन से बेदखल किया गया। वहीं दूसरी ओर 17 जुलाई 2018 को पत्थलगढ़ी खुटगड़ी वनाधिकार कानून के तहत खूटी में आदिवासी समुदाय द्वारा चलाए जा रहे जल जंगल जमीन अभियान के दौरान 200 से अधिक आदिवासी मूलवासी पर देशद्रोह का मुकदमा कर जेल में डाल दिया गया। रघुवर सरकार के समय 60% से ज्यादा राज्य के सरकारी नौकरियो मे बाहरी लोगो को भर कर झारखंड मे गैर आदिवासी लोगो को बसाया गया और हम आदिवासियों का हक छिना गया। ये सब हुआ आज से साढे चार साल पहले। दूसरी ओर वर्तमान केंद्र की सरकार ने राज्य के एक स्थिर आदिवासी मूलवासी की सरकार को झूठे केस में फसा कर जेल में डाल दिया यह हम सबो ने देखा


आशुतोष सिंह चेरो।

और आज वर्तमान में भी भाई भाई मे दरार डालने और लड़ाने का काम कर रही है। वर्तमान में चम्पाई सोरेन इसका ताजा उदाहरण है।

**भाजपा अब पूर्व मुख्यमंत्रीयो की पार्टी बन कर रह गई है**

भारतीय जनता पार्टी ने पलामू प्रमंडल के लोगो को महत्वकांक्षी परियोजना चिरमीरी रेल लाइन और उत्तरी कोयल जलाशय परियोजना (मण्डल डैम) के जीर्णोद्वार को लेकर भी धोखा देने का काम किया है। आशुतोष सिंह ने कहा कि भाजपा अब पूर्व मुख्यमंत्रियों की पार्टी बनकर रह गई है। जिसमें बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास और अब पूर्व मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन है।

## सुरेंद्र पासवान ने लातेहार विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी के लिए पेश किया दावेदारी


दावेदारी पेश करते सुरेंद्र पासवान व अन्य।

➲ नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को अपने समर्थकों के साथ दिया आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड निवासी सह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुरेंद्र पासवान ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी के द्वारा लातेहार में आयोजित अपनों के साथ संवाद कार्यक्रम के दौरान,कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त झारखंड प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व मंत्री के. एन. त्रिपाठी, विधायक रामचंद्र सिंह,झारखंड आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान, हिंदू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष हरिशंकर पाठक,कांग्रेस पार्टी के लातेहार जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, समेत कांग्रेस के कई बड़े नेताओं के समक्ष अपने समर्थकों के साथ आवेदन देकर लातेहार विधानसभा (74) अनुसूचित जाति क्षेत्र से विधायक प्रत्याशी के लिए अपनी दावेदारी पेश किया है। वहीं सुरेंद्र पासवान ने बताया कि हमारे पूर्वजों के समय से ही कांग्रेस पार्टी के लिए निष्ठा पूर्वक कार्य करते आ रहे हैं। 1984 ई.में एनएसवाई प्रखंड अध्यक्ष,सेवा दल प्रखंड अध्यक्ष,कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष और वर्तमान में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष लातेहार के पद पर पार्टी के प्रति अपनी वफादारी निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अपने जीवन काल में पार्टी को मजबूत करते हुए समाज हित के लिए अपनी सहभागिता देते रहे हैं। वहीं लातेहार विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता व जनता की मांग है कि पार्टी के द्वारा लातेहार विधानसभा क्षेत्र से अपने कार्यकर्ता को ही टिकट देना चाहिए। मौके पर सुरेंद्र पासवान ने प्रदेश अध्यक्ष को यह भी अवगत कराया की झारखंड में अनुसूचित जाति की नौ सीट है और सभी कार्यकर्ता चाहते हैं कि हमारे पार्टी का ही प्रत्याशी चुनाव लड़े जिससे हमारे पार्टी को मजबूती प्रदान होगी और कार्यकताओं को मौका मिलेगा।

## फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले के दिन पहुंचे मंत्री वैद्यनाथ राम विजेता टीम को किया पुरस्कृत

# फाइनल मे शांति क्लब बालूमाथ का रहा कब्जा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत जबरा स्थित बारा खेल मैदान मे जेएमएम प्रखंड कमिटी द्वारा आयोजित प्रखंड फुटबॉल टूनार्मेंट प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल मैच मे मुख्य अतिथि लातेहार विधानसभा के झामुमो विधायक सह झारखंड सरकार के शिक्षा और उत्पाद मंत्री वैद्यनाथ राम विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष मोतीलाल नाथ शाहदेव, सचिन शामशुशल होदा, लातेहार जिप सदस्य बिनोद उरांव, बिससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, सिओ नंद कुमार राम,बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम



फाईनल मैच का शुभारंभ करते मंत्री।

कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार,साल्वे पंचायत मुखिया राजीव भगत, गोनिया मुखिया रानो देवी,बारियातू थाना प्रभारी राजा दिलावर ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फीता काट व बॉल को किक मार कर किया.फुटबॉल टूनार्मेंट फाइनल मैच का मुकाबला बालूमाथ सरना क्लब जोगी पूरा बनाम शांति क्लब बलूमाथ के बिच खेला गया। जिसमे 15-15 मिनट के खेल मे किसी तरह कोई कोई परिणाम नहीं निकला ड्रॉ हो गया। कमेटी के निर्णय अनुसार पलांटी शूट आउट मे शांति क्लब बलूमाथ ने अच्छा खेल का प्रदर्शन करते हुए एक गोल से विजयी प्राप्त कर खिताब पर कब्जा जमा लिया। विजयी टीम को मंत्री वैद्यनाथ राम ने तीन बड़ा खस्सी व शील्ड देकर सम्मानित किया। सम्मानित क्रम मे कहा की खेल मे हार जीत होती रहती है जो आज हारे है. वह मेहनत करे कल निश्चित रूप से जीत होगी। उपविजेता टीम को जेएमएम जिला अध्यक्ष मोतीलाल नाथ शाहदेव ने डबल खांसी और शील्ड, तीसरे स्थान पर रहे टीम को जिला सचिव समसुल हौदा बीससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, लातेहार जिप सदस्य विनोद ने एक खस्सी और सील्ड, व चौथे स्थान पर रहे टीम को समाजसेवी मोहम्मद मौजम्मिल, मुखिया राजीव भगत,रानो देवी टूनार्मेंट का अध्यक्ष विनय उरांव ने एक खासी वासिल देकर सम्मानित किया.मौके पर काफी संख्या मे दर्शक मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# डॉ अजय बतायें, कहां लिखा है पत्र में 150 मकानों को तोड़ने वाली बात : सरयू राय

- अर्जुन मुंडा की एनजीटी वाली चिट्ठी सरयू राय ने की सार्वजनिक
- कहा-अजय कुमार ने बिना पत्र देखे आरोप लगाया, मुझे भी लपेटा
- पत्र पढ़कर बतायें कि श्री मुंडा ने उसमें क्या नाजायज लिखा है?



फोटो सरयू राय,कैप्सन : विधायक सरयू राय फेसबुक लाइव पर अपनी बात रखते हुए।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस के स्वनामधन्य नेता और जमशेदपुर पूर्वी क्षेत्र से विधानसभा के स्वघोषित कांग्रेसी उम्मीदवार डॉ अजय कुमार ने दो दिन पहले अखबारों में बयान देकर उनसे मांग की थी कि हिम्मत है तो वह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का वह पत्र सार्वजनिक करूं जिसे उन्होंने एनजीटी को लिखा है। कायदे से तो यह पत्र अजय कुमार जी को सार्वजनिक करना चाहिए था क्योंकि इसी पत्र को आधार बनाकर उन्होंने अनर्गल आरोप लगाये थे कि श्री मुंडा ने भुईयांडीह की इंद्रा नगर- कल्याण नगर बस्तियों के 150 मकानों को तोड़ने के लिए एनजीटी को पत्र लिखा है। चूंकि अजय कुमार ने श्री मुंडा का पत्र देखे बिना यह आरोप लगा दिया और इसमें मुझे भी शामिल कर लिया कि श्री मुंडा का मित्र होने के कारण मैं उन्हें बचा रहा हूं। लिहाजा, आज श्री अर्जुन मुंडा का वह पत्र सार्वजनिक कर रहा हूं।

यहां फेसबुक लाइव में श्री राय ने कहा कि यह पत्र अंग्रेजी में है. डॉ अजय कुमार पढ़े-लिखे व्यक्ति हैं। आइपीएस रहे हैं। टाटा मोटर्स समेत कई निजी कंपनियों में काम कर चुके हैं। वे इस पत्र का मजमून आसानी से समझ सकते हैं। वे पत्र पढ़कर, समझकर बता दें कि इन्द्रा नगर- कल्याण नगर के घरों को तोड़ने की बात मुंडा जी के इस पत्र में कहां लिखा है? मुंडा जी ने पत्र में जो लिखा है उससे डॉ अजय कुमार सहमत हैं कि नहीं, वे यह भी बतायें कि मुंडा जी के पत्र में क्या नाजायज है?

श्री राय ने कहा कि डॉ. अजय कुमार ने जानबूझकर मुंडा जी का पत्र देखे बिना एनजीटी के एक आदेश में इसका उल्लेख होने के आधार पर बात का बतंगड बना दिया और मुंडा जी की नीयत पर संदेह खड़ा कर दिया। श्री राय ने कहा कि उन्हें (सरयू राय) नाहक इस कारण इसमें लपेट लिया कि मुंडा जी मेरे मित्र हैं। अब डॉ अजय बताएँ कि उनके साथ मेरे व्यक्तिगत संबंध कितने घनिष्ठ रहे हैं। सबसे पहले वे मुझसे मिले थे तो कब, कहां, किस-किसके साथ और किसलिए मिले थे? उन्होंने तो मेरा पुतला तक फूंकवा दिया।

### जमशेदपुर पश्चिम की बस्तियों को क्यों नहीं मिली नोटिस

श्री राय ने कहा कि एक और जांच समिति झारखंड सरकार ने बनायी है, जल संसाधन सचिव की अध्यक्षता में। इसने दोमुहानी से बालीगुमा नाला तक सर्वे किया है जो जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के मानगो क्षेत्र में है. इसमें कितने लोगों को नोटिस मिली? मंत्री बन्ना गुप्ता अपने क्षेत्र के सर्वे पर क्यों चुप हैं? सरकारी तंत्र ने बढ़-चढ़ कर पक्षपात पूर्ण तरीके से बस्तियों को मकानों को तोड़ने के लिए चिन्हित किया है। श्री राय ने कहा कि अजय कुमार को बस्तियों के घरों को टूटने से बचाने के लिए अपनी सरकार के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। गलती आपकी सरकार ने की है। इसके लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराइए. हमारा पिंड छोड़िए. ढकोसला बंद करिए। श्री राय ने कहा कि डॉ. अजय को ऐसा कुछ भी नहीं करना चाहिए जिससे राजनीति शर्मसार हो। यह ठीक है कि आपके मुंह से चुनाव लड़ने के लिए लार टपक रहा है। आप लड़िए. आपका जो हश्र होगा, वह जनता बतायेगी।

### डॉ अजय के कारण मुंडा का सच सामने आया : राजा सिंह राजपूत



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम कांग्रेस के जिला सचिव राजा सिंह राजपूत ने बुधवार को सरयू राय के फेसबुक लाइव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. अजय कुमार की वजह से अर्जुन मुंडा का सच सामने आ गया है, जो सरयू राय जमशेदपुर की जनता से छिपा रहे थे। राजा ने कहा कि डॉ. अजय की मामले में गंभीरता के कारण सरयू राय को जमशेदपुर में स्वर्णरेखा नदी तल पर मकान निर्माण के खिलाफ अर्जुन मुंडा के शिकायत पत्र का खुलासा करने के लिए मजबूर होना पड़ा। अब जब सच सामने आ गया है तो बात को गोल गोल घुमाया जा रहा है। सच यही है कि अर्जुन मुंडा द्वारा एनजीटी में की गई शिकायत के आधार पर ही इन बस्तियों को नोटिस की गई है। अगर मुंडा जी शिकायत नहीं करते तो यह मामला ही नहीं उठता। जहां तक टाइमिंग का सवाल है तो डॉ अजय 14 जुलाई को सबसे पहले मुख्यमंत्री एवम मुख्य सचिव को पत्र लिखकर उचित कार्रवाई करने और बस्ती को बचाने की अपील की थी। वहीं महाअधिवक्ता राजीव रंजन से मुलाकात कर इन बस्ती के घरों बचाने को ध्यान में रखते हुए एनजीटी में सरकार का पक्ष रखें। इतना ही नहीं इस मामले में अजय कुमार की गंभीरता इस बात का प्रतीक है कि उन्होंने सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट के वकील संजय बनर्जी को अपने खर्च इस मामले की पैरवी करने के लिए हायर किया।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा नेता नीरज मटकी फोड़ प्रतियोगिता में शामिल

**जमशेदपुर।** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री नीरज सिंह के द्वारा जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा के सोनारी मंडल में तीन स्थानों पर आयोजित मटकी फोड़ कार्यक्रम में शामिल हुए। नीरज सिंह सोनारी निर्मल नगर, सोनारी रूप नगर में आर्यन बॉयज क्लब और सोनारी कागलनगर सेंटर मैदान में प्रभु प्रेमी संघ द्वारा आयोजित मटकी फोड़ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

### बाबूलाल से मिले भाजपा नेता निरंजन पासवान

**पाटन पलामू।** भाजपा कार्यालय रांची में प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय बाबूलाल मरांडी से भाजपा नेता निरंजन पासवान मुलाकात किया। मौके पर श्री पासवान ने श्री मरांडी को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। सम्मानित करने के बाद छतरपुर विधानसभा क्षेत्र 78 से अपना उम्मीदवारी हेतु 5 पन्ना का बायोडाटा प्रस्तुत किया । बायोडाटा में पार्टी में कार्य किए गए तथा दायित्व एवं आंदोलन में भाग लिए गए का उल्लेख किया है।

### मुहर्रम के चालीसवें पर निकाली गया जुलूस

**मेदिनीनगर।** जिले में मंगलवार को मुहर्रम के चालीसवें पर ताजिये के साथ जुलूस मातमी धुन के साथ निकाला गया। हजरत इमाम हुसैन की शहादत के 40 दिन बाद निकाले जाने वाले इस जुलूस में अखाड़े के कलाकारों ने करतब दिखाये। इस जुलूस में शामिल (लोक जनशक्ति पार्टी) के पलामू अध्यक्ष सह (झारखंड प्रदेश सब्जी फल विक्रेता महासंघ सब्जी फल थोक विक्रेता महासंघ)के संयोजक राकेश सिंह शामिल थे। जहां मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदस्यों द्वारा राकेश सिंह को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने लोगों के साथ ताजिया उठाई और मुहर्रम की एतिहासिक बातों को लोगों के साथ साझा करते हुए बेहतरीन संदेशदिया।

### झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ की बैठक आयोजित

**मेदिनीनगर।** झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन के इकाई झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ का संयुक्त बैठक ऑटो स्टैंड में मजदूर नेता सह लोजपा के पलामू अध्यक्ष राकेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आए दिन शहर के मुख्य मार्ग निरंतर जाम एवं यातायात बाधित समस्या चरम सीमा पार कर चुका है। आम जनता यातायात जाम से जूझ रहा है, रोगी मरिज, इमरजेंसी एम्बुलेंस को भी जाम का निहायत सामना करना पड़ता है जिस कारण आम रोगी पब्लिक के जान का खतरा काफी हद तक बढ़ गया है। ठेला खोमचा वाले सड़क जाम कर देते हैं। टेंपो चालकों को पुलिस का कोपभाजन बनना पड़ता है।

### 30 से लगेगा सरकार आपके द्वार का शिविर

**मेदिनीनगर।** जिले में आपकी योजना-आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाकर लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का सिलसिला फिर से प्रारंभ होने जा रहा है। जिले के सभी पंचायतों में शिविर लगाने को लेकर जिलास्तर से तैयारी भी प्रारंभ कर दी गयी है। किस तिथि को कहां शिविर का आयोजन होगा इसकी रूप रेखा भी तैयार कर ली गयी है। वहीं सभी प्रखंडों के लिये वरीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति भी किया गया है।

### आइसा का विवि घेराव कार्यक्रम आयोजित

**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) पलामू द्वारा अनियमित सत्र के खिलाफ नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय का घेराव किया गया। जीएलए कॉलेज से मार्च निकालते हुए विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के समक्ष प्रदर्शन किया गया। मार्च का नेतृत्व आइसा पलामू जिला सचिव गौतम दांगी, जिलाध्यक्ष गुड्डू भुइयां और लातेहार जिला सचिव नागेंद्र राम संयुक्त रूप से कर रहे थे। प्रदर्शन में देर सत्र नही चलेगा, करोड़ों रूकी लागत से बनी जीएलए का गर्ल्स हॉस्टल शुरू करो, विवि का लाइब्रेरी चालू करो, दूर से आने वाले छात्रों के लिए बस की सुविधा दो के नारे लगाये।

## आइटीआइ छात्रों के लिए टाटा स्टील और टाटा मोटर्स ने मिलाया हाथ

# आइटीआइ के सभी प्रशिक्षुओं को आवासीय परिवहन, चिकित्सा सुविधा देगी टाटा मोटर्स

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन और टाटा मोटर्स ने 27 अगस्त, 2024 को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य आईटीआई तमाड़, आईटीआई चांडिल, आईटीआई जगन्नाथपुर और आईटीआई बांसपाल के छात्रों को उन्नत औद्योगिक अनुभव और कौशल विकास के अवसर प्रदान करना है। इस साझेदारी के तहत, टाटा मोटर्स के जमशेदपुर प्लांट में छात्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे वास्तविक उद्योग से जुड़े कौशल और ज्ञान प्राप्त कर सकें।

इस समझौते पर टाटा मोटर्स के प्लांट हेड श्री रविंद्र नरसिम्हा कुलकर्णी और टाटा स्टील फाउंडेशन के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर श्री सौरव रॉय ने हस्ताक्षर किये।



एमओयू के पश्चात दस्तावेज का आदान -प्रदान करते सौरव राय और टाटा मोटर्स के प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी।

यह प्रक्रिया भारत सरकार के प्रशिक्षण महानिदेशालय द्वारा प्रस्तावित दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली की एक वार्षिक, चक्रीय प्रक्रिया है। इस कार्यक्रम के तहत छात्रों को टाटा मोटर्स के प्लांट में सीधे तौर पर व्यावहारिक अनुभव और प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे उनकी शिक्षा को मौजूदा उद्योग मानकों और अभ्यासों के साथ बेहतर ढंग से जोड़ा जा सकेगा।

टाटा मोटर्स, प्रशिक्षण अवधि के दौरान छात्रों को वजीफा (स्टाइपेंड), रहने की सुविधा, भोजन, परिवहन और चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। यह समर्थन छात्रों को शैक्षणिक शिक्षा से पेशेवर अनुभव में सहजता से बदलाव करने में मदद करेगा, जिससे वे उद्योग में आवश्यक कौशल और ज्ञान को पूरी तरह से प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

यह साझेदारी टीएसएफ इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट्स और टाटा मोटर्स के बीच संसाधनों और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान पर आधारित है। हालांकि इसमें कोई सीधा वित्तीय लेन-देन नहीं होगा, फिर भी दोनों पक्ष इस पहल की सफलता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं।

इस अवसर पर सौरव रॉय ने कहा, हम आईटीआई के छात्रों को ऐसी शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो मौजूदा उद्योग मानकों और वैश्विक उपभोक्ता मांग के अनुरूप हो, और टाटा मोटर्स इस पहल के लिए सबसे उपयुक्त साझेदार है। हम अपने साझेदार और उस समुदाय का धन्यवाद करते हैं, जो हम पर और हमारे प्रयासों पर भरोसा करता है। यह सहयोग उद्योग में आवश्यक कौशल और छात्रों को दी जाने वाली प्रशिक्षण के बीच के अंतर को पाटने का लक्ष्य रखता है। आईटीआई के पाठ्यक्रम में व्यावहारिक और उद्योग से संबंधित प्रशिक्षण को शामिल करके, यह साझेदारी कुशल कार्यबल तैयार करने में मदद करेगी, जो मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की बदलती मांगों को पूरा करने के लिए अच्छी तरह से तैयार होगा।

## एक नजर में

### भगवामय हुआ पूर्व सीएम चंपई का कार्यालय



**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह कोल्हान टाइगर चंपई सोरेन रांची पहुंचने के बाद सबसे पहले अपने पार्टी और मंत्री पद से इस्तीफा दिये। इसके बाद वह वहां से जिलिंगगोंडा अपने आवास के लिए निकले। सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद चंपई रांची पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में उनका स्वागत करने उनके चाहने वाले रांची एयरपोर्ट पहुंचे थे और उनका स्वागत किये। उनके जिले के महुलडीह स्थित कार्यालय जो पहले झामुमो के रंग से रंगा था। वह उनके आने से पहले ही भगवामय हो गया। यहां के ग्रामीणों में खासा उत्साह भी देखा गया।

### मुख्यमंत्री से मिले भाजपा नेता बास्को बेसरा



**गम्हरिया।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गम्हरिया के रपचा फुटबॉल मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता बास्को बेसरा ने उनसे शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इधर, झामुमो के कद्दावर नेता व विधायक चंपाई सोरेन के भाजपा में जाने के बाद भाजपा नेता के सीएम से मिलने की खबर पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय है। अटकलें लगायी जा रही है कि भाजपा नेता बास्को बेसरा कहीं अब झामुमो में तो नहीं जा रहे? भाजपा में कई ऐसे नेता हैं जो कई वर्षों से जमीनी स्तर में काम कर टिकट के दावेदार थे। किंतु, चंपाई के भाजपा में शामिल होने के बाद वे मायूस हैं और पार्टी छोड़ने का मन बना रहे हैं। कुल मिलाकर चुनाव से पूर्व कई दलों में भगदड़ मचेगी।

### खरसावां के हर बूथ पर लीड लेना है : जटाशंकर



**जमशेदपुर।** बुधवार को भाजपा गम्हरिया पश्चिम की बैठक मंडल अध्यक्ष साधन महतो की अध्यक्षता में हुई। जिसमें भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य तथा खरसावां विधानसभा के प्रभारी डॉ जटाशंकर पांडेय मुख्य अतिथि थे। श्री पांडेय ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को एक चुनौती के रूप में लेना है तथा प्रयास करना है कि खरसावां विधानसभा के हर बूथ पर भाजपा को बढ़त मिले और यहां का विधायक भाजपा का ही हो। पूर्व सीएम चंपाई के भाजपा में आने भाजपा के जनाधार में वृद्धि होगी। बैठक में बिद्याधर पंडा, सदानंद सोनार, बूढ़ेश्वर कुंभकार, चंदन महतो, कृष्णा डास, देवाशीष कइबरत उपस्थित थे।

### श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी टुईलाडूंगरी के पूजा पंडाल का किया गया भूमि पूजन



**जमशेदपुर।** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी टुईलाडूंगरी के बनने वाले भव्य दुर्गा पूजा पंडाल का भूमि पूजन आज विधि विधान के साथ पंडित निरंजन रथ और पंडित प्रदिप्त दास की देखरेख में हुआ। पूजा कमेटी के मुख्य संरक्षक राजू गिरी, अध्यक्ष मिथिलेश सिंह यादव और महासचिव दिनेश कुमार ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना की। महासचिव ने बताया कि देश की आजादी के पहले से होने वाली यह पूजा शहर में पहले उड़िया पूजा के रूप में प्रसिद्ध थी, अब यह पंडाल शहर में अपनी भव्यता के लिए जाना जाता है। मौके पर राजू गिरी, मिथिलेश सिंह यादव, दिनेश कुमार, अश्वनी माथन, राजकुमार सिंह, सुनील चौधरी, कृष्णा साहू, बी श्रीनिवास राव, प्रशांत गिरी, किशोर राजा, रंजित गुप्ता, अजय साहू, आशीष दत्ता थे।

### जमशेदपुर की दोनों सीट पर नट्टू झा की दावेदारी



**जमशेदपुर।** राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर जमशेदपुर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सह वरीय कांग्रेस नेता रविंद्र झा उर्फ नट्टू झा ने जमशेदपुर पूर्वी एवं पश्चिम विधानसभा सीट के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। उन्होंने उम्मीदवारी को लेकर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर को बतौर उम्मीदवारी अपना बायोडाटा सौंपा है। जिसे कार्यकारी जिलाध्यक्ष ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को भेज दिया है। आवेदन समर्पित करने की आखिरी तारीख 29 अगस्त है।

### जिप सदस्य डॉ परितोष ने चलाया स्वच्छता अभियान



**जमशेदपुर।** छोटा गोविंदपुर के विभिन्न स्थानों में कूड़े का अंबार लगा था, जिससे बरसाती बीमारियों का खतरा बढ़ रहा था। स्थानीय लोगों के अनुरोध पर जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह ने सामुदायिक विकास मैदान, हाट बाजार, मैन रोड, सिंगल क्वार्टर सहित अन्य स्थानों में जेसीबी, ट्रैक्टर, हाइवा एवं मजदूरों की मदद से 50 ट्रिप कचरा का निस्तारीकरण किया गया। एवम पुतुल मैदान में साफ सफाई की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह ने कहा कि गोविंदपुर के विभिन्न स्थानों में कचरा का अंबार लगा हुआ था जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावनाओं को देखते हुए आज अपने स्वच्छता अभियान चलाया गया और यह अभियान एक सप्ताह चलेगा एवं गोविंदपुर में विभिन्न स्थानों में स्वच्छता अभियान के पश्चात ब्लीचिंग पाउडर का वितरण भी किया जाएगा। स्वच्छता अभियान में पंचायत समिति सदस्य सतवीर सिंह बग्गा, दिनेश सिंह, भीम कुमार, अजीत राजपूत,दिवाकर सिंह, सुमित कुमार,रोहन कुमार, बृजेश सिंह सहित स्थानीय जनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## गोलमुरी दुर्गा पूजा कमेटी, सर्कस मैदान के दुर्गा पूजा पंडाल का हुआ भूमि पूजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** गोलमुरी दुर्गा पूजा कमिटी, सर्कस मैदान गोलमुरी के बनने वाले भव्य दुर्गा पूजा पंडाल का भूमि पूजन वैदिक मंत्रोचार के साथ पुरोहित राकेश पांडेय की देखरेख में हुआ। मुख्य यजमान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार, गोविंदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार और पूजा कमेटी के अध्यक्ष मनोज खत्री थे। अध्यक्ष ने बताया कि 1926 से यह दुर्गा पूजा अपने विशाल पूजा के लिए जाना जाता है। विभिन्न थीम पर आधारित पूजा पंडाल हमेशा चर्चित रहा है। यह शहर में फेसबुक, अटल जी की स्मृति, कोरोना काल जैसी विभिन्न स्मृतियों पर पंडाल का निर्माण करवा चुका है।

## पार्षद कुसुम पूर्ती मिली टाटा मोटर्स के अधिकारियों से, सड़क बनवाने की मांग



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ती के नेतृत्व में एक सारजमदा, बारीगोड़ा, गदड़ा आदि क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल के साथ टाटा मोटर्स प्रबंधन से मिलकर बारीगोड़ा रेलवे फाटक से लेकर सारजमदा के रास्ते शंकरपुर चांदनी चैक तक एवं बारीगोड़ा फाटक से गदड़ा पेट्रोल पंप तक सड़क का निर्माण कराने एवं रोड लाइट तथा अन्य नागरिक सुविधा उपलबध कराने को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। कुसुम पूर्ती ने अपने ज्ञापन में टाटा मोटर्स को बातया है कि विगत कई वर्षों से टाटा मोटर्स द्वारा अपने स्थायी कर्मचारियों हेतु बस का प्रबंध किया गया है जिससे कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा से निजात मिले जो कि काफी सराहनीय कार्य है। इस क्षेत्र की अधिकांश आबादी टाटा मोटर्स में अस्थायी या स्थायी रूप से कार्यरत हैं। दिन रात इसी मार्ग से आना जाना करते हैं। सड़क सुरक्षा की दृष्टि से बस का प्रबंध स्थायी कर्मचारियों के लिए तो किया गया है परन्तु जब से बस इस क्षेत्र में चलना शुरू हुआ है तब से सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो गयी है।

## स्व रमेश कुमार आगीवाल की स्मृति में रक्तदान शिविर संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** श्री श्याम सेवा समिति द्वारा भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के सहयोग से प्रत्येक वर्ष की भांति रक्तदान शिविर का आयोजन आज रेड क्रॉस भवन, साकची में किया गया। श्री श्याम सेवा समिति अपने सक्रिय सदस्य स्व. रमेश कुमार जी आगीवाल की पुण्य स्मृति में आयोजित शिविर का उद्घाटन भागवत कथावाचक हिमांशु जी महाराज, समाजसेवी हरि प्रसाद आगीवाल, प्रदीप कुमार गुप्ता, जुगल बांकरेवाल, मुकेश आगीवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कथावाचक हिमांशु जी महाराज ने रक्तदान को एक उत्सव का रूप बताते हुए कहा कि यह नवजीवन उत्सव है, इसके माध्यम से हम मानव जीवन की रक्षा कर सकते हैं, हमारे शास्त्रों में दान की महिमा में इस प्रकार के दान को उच्च श्रेणी दी गयी है, जिससे मानवता की रक्षा की जा सके। उन्होने इस अवसर पर अपने साथ वृंदावन से पधारे अपने अनुयायियों के साथ रक्तदान भी किया।



एक रक्तदाता को प्रमाण पत्र सौंपते विधायक मंगल कालिंदी।

## व्यवसायियों से रंगदारी मांगने वाले चार अपराधी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर जिला अन्तर्गत व्यवसायियों को धमकी देकर रंगदारी मागने वाले गिरोह के विरूद्ध छापामारी करने हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक, द्वारा एसआईटी का गठन किया गया था। गठित टीम द्वारा कार्रवाई कर 04 अपराधकर्मियों को 06 मोबाइल, 01 वाहन के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। पूर्व में इस गिरोह के 02 अपराधकर्मियों को प्रयुक्त हथियार के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। बता दें कि जमशेदपुर पुलिस ने बीते 17 अगस्त को बिष्टुपुर थाना अंतर्गत हुए कार शोरूम फायरिंग मामले के मास्टरमाइंड सहित चार अपराधियों क्रमश : प्रभाष सिंह उर्फ नन्नू सिंह, अभिषेक सिंह उर्फ पंडित, अमन सिंह उर्फ गोलु और शुभम सिंह को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है।

## रांची में रक्षा राज्य मंत्री ने किया नेवी के विमान रेस्क्यू टीम का सम्मान

- पूर्वी सिंहभूम के सैनिक प्रतिनिधियों का रक्षा राज्य मंत्री ने किया सम्मान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर स्थित सोनारी एयरपोर्ट में नए पायलटों को ट्रेनिंग देने वाले विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर चांडिल डैम में विमान को सर्च करने एवं उसको बाहर निकालने में जुटी भारतीय नौसेना की सर्वे एवं गोताखोर टीम को निरंतर सहयोग देने वाले पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभूम के प्रतिनिधियों को भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भारतीय नौ सेना की 20 सदस्यीय टीम का सम्मान किया।





नेवी की टीम को सम्मानित करते रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सुशील सिंह को सम्मानित करते रक्षा राज्य मंत्री।

**इन्हें किया गया सम्मानित :** सम्मानित किये जाने वालों में अभियान का नेतृत्व कर रहे कमांडर जे जे सिंह, कमांडर वरुण गुप्ता, लेफ्टिनेंट आर पी पटेल, मास्टर चीफ पेटी आफिसर आर एस सैनी, पेटी ऑफिसर सोनू कुमार और जूनियर सेलर के रूप में सागर रोहित, ए रहमान, आकाश पी के खेरवा, शुभम थांगे, अभिनव सिंह, आर चाहर, अमरदीप गुरप्रीत सिंह, ओमकार मुकुल, शिवम कुमार, युवराज, रोहित कुमार आदि सैनिक वीरों के साथ-साथ पूर्व सैनिक सुशील कुमार सिंह, राजीव रंजन, अशोक श्रीवास्तव एवं सिपाही सतनाम सिंह को सम्मानित किया गया।

सरायकेला खरसावां के जिला उपायुक्त रविशंकर शुक्ला (IAS) के साथ-साथ जिला प्रशासन के अतुल्य सहयोग का भी भारतीय नौसेना की टीम ने प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया।

### चार दिनों के कठिन प्रयास के बाद डैम में डूबा विमान मिला

लगभग 4 दिन के कठिन प्रयास के बाद विमान का लोकेशन पता लगाने के बाद जन्माष्टमी के दिन लगभग 14 घंटे के सफल ऑपरेशन के बाद एयरक्राफ्ट को चांडिल डैम से बाहर निकाल कर डी जी सी ए के इन्वेस्टिगेटिंग टीम को सौंप दिया गया। इस दौरान भारतीय नौसेना के जांबाज सैनिकों ने अपनी कार्य कुशलता एवं इस ऑपरेशन में आने वाली विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए सफलता प्राप्त की। इस कार्य से पूरे शहर एवं राज्य ही नहीं बल्कि पूरे देश में भारतीय नौसेना के प्रति सम्मान और विश्वास बड़ा है। रेस्क्यू टीम आज रांची में है और कल गुरुवार को विशाखापट्टनम के लिए प्रस्थान करेंगे जबकि उनका साजो सामान सड़क मार्ग द्वारा ट्रक से विशाखापट्टनम के लिए आज सुबह रवाना हो चुका है।

स्पीड न्यूज

## मोदी व मांडविया ने भारतीय पैरालंपिक दल को शुभकामनाएं दी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने आज से पेरिस में शुरू हो रहे पैरालंपिक 2024 खेलों में भाग लेने वाले भारतीय दल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। श्री मोदी बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ह्ल140 करोड़ भारतीय पेरिस पैरालिंपिक 2024 में भाग लेने वाले हमारे दल को शुभकामनाएं देते हैं। हर एथलीट का साहस और दृढ़ संकल्प पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## जापान में तूफान चेतावनी जारी

**टोक्यो।** जापान के कागोशिमा प्रान्त में बुधवार को शानशान तूफान को लेकर आपातकालीन चेतावनी जारी की गयी। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने यह चेतावनी जारी की। एजेंसी ले तूफान शानशान के दक्षिण-पश्चिमी जापान की ओर बढ़ने के कारण स्थानीय निवासियों के बीच शीर्ष स्तर के अलर्ट का आह्वान किया है।

## शहीद कुलदीप को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे सीएम

**जींद।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को जींद के गांव निडानी में पहुंचे और गत 19 अगस्त को जम्मू में शहीद हुए सीआरपीएफ इंस्पेक्टर कुलदीप मलिक को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, जींद विधायक डा० कृष्ण मिड्ढा, जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल, अमरपाल राणा भी मौजूद रहे। सीएम कुलदीप मलिक के परिवार से मिले। यहां सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारे नौजवान मजबूती के साथ आतंकियों का सामना करते हैं और देश की रक्षा करते हैं।

## बल्क ड्रग पार्क प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाएगी प्रदेश सरकार : मुख्यमंत्री

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि पूर्व भाजपा सरकार जलविद्युत और अन्य परियोजनाओं के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते समय राज्य के हितों की रक्षा करने में विफल रही है। विधानसभा में बुधवार को प्रश्नकाल के दौरान सुक्खू ने कहा कि उनकी सरकार ने अनिच्छा से ही सही, बल्क ड्रग पार्क परियोजना को आगे बढ़ाने का फैसला किया है।

## रूस के युग ग्रुप साथ लड़ाई में यूक्रेन के 690 सैनिक मारे गए

**मॉस्को।** रूस के युग (दक्षिण) समूह के बलों ने पिछले 24 घंटों में 690 यूक्रेनी सैनिकों को मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, रदक्षिणी समूह के साथ लड़ाई में यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने 690 सैनिकों, 21 वाहनों (अन्य सैन्य नुकसानों के अलावा) को खो दिया है। बयान में कहा गया है कि इस अवधि में त्सेंट्र (केंद्र) समूह के बलों ने डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर) में कोमिशिवका की बस्ती पर नियंत्रण कर लिया है और इस दौरान 475 यूक्रेनी सैनिकों को मार गिराये गये हैं। साथ ही, कहा गया है कि जैपेड (पश्चिम) समूह के बलों ने पांच जवाबी हमलों को विफल कर दिया है और 490 यूक्रेनी सैनिकों को मार गिराया है। मंत्रालय के अनुसार यूक्रेन ने वोस्तोक (पूर्व) समूह के साथ लड़ाई में 115 सैनिकों को भी खो दिया है, जबकि सेवर (उत्तर) समूह ने 165 सैनिकों को मार गिराया है।

## इजराइली हमले में नौ फिलिस्तीनियों की मौत

**रामल्लाह/यरूशलम।** उत्तरी पश्चिमी तट पर बड़े पैमाने पर इजरायली सैन्य अभियान के दौरान बुधवार को कम से कम नौ फिलिस्तीनी मारे गए और 11 अन्य घायल हो गए। इजरायली मीडिया के अनुसार इजरायली सेना ने उत्तरी पश्चिमी तट के जेनिन, तुलकरम और टुबास शहरों में अभियान शुरू किया जिसके कई दिनों तक चलने की उम्मीद है। इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी समाचार ने बताया कि जमीनी सैनिकों के साथ-साथ हमलावर हेलीकॉप्टरों और ड्रोन से आतंकवादियों को खत्म करने के लिए पश्चिमी तट पर कई स्थानों पर छापे मारे गये।

### डाक्टरों ने हड़ताल वापस लेने की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चेतावनी ठुकरायी

# दुष्कर्मियों को फांसी की सजा का बनायेंगे कानून

▸▸ बंद से जनजीवन प्रभावित, कई जगह झड़पें, हिरासत में बीजेपी नेता, ममता ने भाजपा को घेरा

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को तृणमूल छात्र परिषद के एक कार्यक्रम में आरजी कर अस्पताल कांड पर राज्य सरकार की स्थिति को स्पष्ट करते हुए कई अहम घोषणाएं कीं। ममता ने कहा कि वे राज्य विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर बलात्कार के मामलों में फांसी की सजा का कानून पारित करवाना चाहती हैं। उन्होंने कहा, जो हुआ वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन इसके बाद की कार्रवाई में कोई देरी नहीं होनी चाहिए। हम चाहते थे कि सात दिनों के भीतर फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से फैसला हो। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री ने एक बार फिर जूनियर डॉक्टरों से काम पर लौटने की अपील की। उनकी अपील को डाक्टरों ने ठुकरा दिया। हालांकि, ममता की अपील में एक 'परोक्ष चेतावनी' भी छिपी हुई थी। डॉक्टरों ने बिना समय गवायें इस चेतावनी का जवाब देते हुए कहा कि हड़ताल समाप्त नहीं की जायेगी और उन्हें धमकी देने से कोई फायदा नहीं होगा। हमें डरायें नहीं।

## बंगाल में कोई महिला असुरक्षित नहीं रहेगी : ममता बनर्जी



टीएमसीपी के स्थापना दिवस के मौके पर बुधवार को रैली में ममता बनर्जी ने कहा कि बंगाल में कोई भी महिला असुरक्षित महसूस नहीं करेगी। महिला हिंसा में जो भी दोषी पाया जायेगा, उसे सख्त सजा दी येाी। शिरकत की। उन्होंने कहा, आज का दिन मैं पीड़ितों को समर्पित करती हूं। देशभर में जितनी भी महिलाएं उत्पीड़न का शिकार हुई हैं और उनके परिवारों को समर्पित करती हूं। उन्होंने छात्र-युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा, मैं वकीलों से कहूंगी कि अदालत में भाजपा को मत छोड़ो। मुख्यमंत्री ने नवान्न मार्च के दौरान पुलिस की भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा, मैं कल के लिए पुलिस को सलाम करती हूं। वे संयमित रहे, अपना खून बहाया लेकिन भाजपा की साजिश में नहीं फंसे। ममता ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, बंद क्यों? अगर बंद करना है तो पीएम मोदी के खिलाफ करो, जो केवल एजेंसियों का इस्तेमाल कर लोगों पर अत्याचार करने के अलावा कुछ नहीं करते। वे बंगाल को बदनाम करने का खेल खेल रहे हैं।

### बंगाल के डाक्टर हड़ताल पर अडिग

बुधवार को, सीएम ममता बनर्जी ने एक बार फिर जूनियर डॉक्टरों से काम पर लौटने की अपील की। उनकी अपील में एक 'परोक्ष चेतावनी' भी छिपी हुई थी। डॉक्टरों ने कहा कि हड़ताल समाप्त नहीं करेंगे। उन्हें धमकी देने से कोई फायदा नहीं होगा। डॉक्टरों के आंदोलन से राज्य के सरकारी चिकित्सा व्यवस्था पर भारी असर पड़ा है। इसी संदर्भ में मुख्यमंत्री ने आंदोलनरत डॉक्टरों के लिए 'अपील के साथ ही सख्त' संदेश देने की कोशिश की। उन्होंने डॉक्टरों को यह भी याद दिलाया कि हमारे पास एक मानवीय चेहरा है। हम नहीं चाहते कि किसी का करियर बर्बाद हो। अगर हम एफआईआर करते हैं या कोई कानूनी कार्रवाई करते हैं, तो इससे आपके करियर पर असर पड़ेगा, वीजा और पासपोर्ट में दिक्कत होगी। मैं ऐसा नहीं चाहती। मैं चाहती हूं कि और अच्छे डॉक्टर बनें।

### बंगाल बंद में दो भाजपा विधायक गिरफ्तार

वहीं भाजपा द्वारा 12 घंटे के बंगाल बंद के दिन बुधवार को पश्चिम बंगाल में जगह-जगह से अशांति की खबरें आयीं। कूचबिहार में बंद के दौरान दो भाजपा विधायकों तूफानगंज की मालती रावा रॉय और कूचबिहार दक्षिण के निखिल रंजन दे को गिरफ्तार कर लिया गया। तनाव की आशंका के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिस बलों को सड़क पर तैनात किया गया था। बंद में शामिल एक अन्य भाजपा विधायक मिहिर गोस्वामी ने कहा, जिस तरह से दमनकारी ममता सरकार के खिलाफ आम लोग सड़क पर उतरे हैं, वे अभी भी हार नहीं मान रहे हैं। हम आरजी कर मामले पर शांतिपूर्ण विरोध जारी रखेंगे और मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग करेंगे।

### केंद्र सरकार ने समीक्षा के बाद लिया फैसला

# मोहन भागवत को मिली एएसएल सुरक्षा

एजेंसी

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत की सुरक्षा केंद्र सरकार ने बढ़ा दी है। गृह मंत्रालय ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की मौजूदा 'जेड+' सशस्त्र सुरक्षा को और अधिक मजबूत उन्नत सुरक्षा संपर्क (एएसएल)) प्रोटोकॉल में बढ़ाकर उनकी सुरक्षा को मजबूत किया है। एएसएल सिक्युरिटी जेड-प्लस से कई गुना बेहतर और मजबूत होती है। वहीं इसके प्रोटोकॉल में स्थानीय एजेंसियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसमें वे सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करती हैं। इस अपग्रेड में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा



बल (सीआइएसएफ) कर्मियों द्वारा वर्तमान में प्रदान किये जाने वाले सुरक्षा उपायों को बढ़ाना शामिल है। एएसएल दर्जा मिलने से भागवत की सुरक्षा का स्तर गृह मंत्री अमित शाह के बराबर हो गया है। आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत को किसी भी खतरे से बचाने के लिए मल्टी लेयर सुरक्षा व्यवस्था मुहैया करायी जायेगी। जिन जगहों पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत रुकेंगे, यात्रा करेंगे, मुलाकात करेंगे, वहां बेहद सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया जायेगा। साथ ही, सभी जगहों पर एक दिन पहले जाकर उनकी जांच की जायेगी। इस सुरक्षा को मिलने के साथ ही मोहन भागवत उन 10 लोगों में शामिल हो गये हैं जिन्हें सीआईएसएफ कर्मियों द्वारा 'जेड+' सशस्त्र सुरक्षा दी गयी है। वर्तमान में, सीआईएसएफ कर्मियों द्वारा कुल 200 सुरक्षा प्राप्त लोगों को सुरक्षा कवर दिया जा रहा है। आरएसएस प्रमुख की सुरक्षा में वृद्धि हाल ही में किये गये आकलन के जवाब में की गयी है, जिसमें कमजोरियों का खुलासा किया गया है, खासकर गैरभाजपा दलों के नेतृत्व वाले राज्यों में। इतना ही नहीं रिपोर्ट में कट्टरपंथी इस्लामी समूहों सहित विभिन्न संगठनों से खतरों को उजागर किया गया है, और भागवत के बढ़ते जोखिम के बारे में खुफिया जानकारी का हवाला दिया गया है।

# भारतीय सेना को जल्द मिलेगी एक और परमाणु पनडुब्बी

### आइएनएस अरिघात बन कर तैयार, 750 किमी रेंज तक मिसाइल हमले में समक्ष

एजेंसी

**विशाखापट्टनम।** भारत की दूसरी परमाणु पनडुब्बी आइएनएस अरिघात बनकर तैयार है। पीएम मोदी बहुत जल्द इसे भारतीय नौसेना को सौंप सकते हैं। आइएनएस अरिघात के लॉन्च की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 29 अगस्त गुरुवार को विशाखापट्टनम आयेंगे। आइएनएस अरिघात 750 किलोमीटर की रेंज वाली के-15 मिसाइलों से लैस होगी। अरिघात समुद्र के भीतर मिसाइल हमला करने में सक्षम है। देश की पहली पूर्ण परमाणु क्षमता वाली बैलिस्टिक मिसाइल लैस पनडुब्बी आईएनएस अरिहंत है। अरिहंत की तरह ही अरिघात का निर्माण भी दिसंबर 2011 में पूर्वी नौसेना बेस विशाखापट्टनम नौसेना डॉकयार्ड के शिप बिल्डिंग सेंटर में किया गया था। निर्माण के पहले चरण के बाद 19 नवंबर 2017 को इसे लॉन्च किया गया। इसके बाद आंतरिक के उपकरणों को दुरुस्त करने, रडार सिस्टम को आधुनिक तकनीक और हथियार मुहैया कराने जैसे सभी प्रमुख फीचर्स जोड़े गये हैं। आईएनएस अरिघात के समुद्री परीक्षणों की प्रक्रिया कई चरणों में पूरी की गयी है। इस साल आम चुनाव के बाद रक्षा मंत्री के तौर पर शपथ लेने वाले राजनाथ सिंह ने विशाखापट्टनम नौसेना बेस का दौरा किया था। उस समय नौसेना अधिकारियों द्वारा उन्हें 'आईएनएस अरिघात' की जानकारी दी गयी थी। रिपोर्ट के अनुसार, पीएम मोदी इस महीने के अंत में या सितंबर के पहले सप्ताह में इसे राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

### समुद्र से मिसाइल हमला में सक्षम



आइएनएस अरिघात समुद्र के भीतर मिसाइल हमला करने में सक्षम है। इसके अलावा सोनार संचार प्रणाली, समुद्री मिसाइलें और विकिरण रोधी सुरक्षा व्यवस्था से लैस है। अरिघात की लंबाई 111.6 मीटर, चौड़ाई 11 मीटर और ऊंचाई 9.5 मीटर है। यह समुद्र की सतह पर 12 से 15 समुद्री मील प्रति घंटा (22 से 28 किलोमीटर) की रफ्तार पर विचरण कर सकती है और समुद्र के अंदर इसकी गति 24 समुद्री मील प्रति घंटा है। अरिघात 750 किलोमीटर की रेंज वाली के-15 मिसाइलों से लैस होगी। इसका वजन 6 हजार टन है।


## रूसी और भारतीय आयोग की दूसरी बैठक

**नयी दिल्ली।** भारत और रूस ने वर्ष 2025-2026 के लिए आपातकालीन प्रबंधन के क्षेत्र में सहयोग को लेकर संयुक्त रूसी-भारतीय आयोग की कार्य योजना पर हस्ताक्षर किए हैं। गृह मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि आपातकालीन प्रबंधन के क्षेत्र में सहयोग पर संयुक्त रूसी-भारतीय आयोग की आज मॉस्को में हुई दूसरी बैठक में इस योजना पर सहमति बनी। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। योजना पर श्री राय और रूस के नागरिक सुरक्षा, आपात स्थिति तथा प्राकृतिक आपदाओं के परिणामों के उन्मूलन मंत्री कुरेनकोव अलेक्सांद्र व्याचेस्लावोविच ने हस्ताक्षर किए। दोनों देशों ने वर्ष 2025-2026 के दौरान इस योजना को लागू करने पर सहमति जताई और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में किए गए सर्वोत्तम कार्यों और सीख का आदान-प्रदान जारी रखने का भी फैसला किया।

## भारत तेजी से उभरती एक आर्थिक शक्ति : शक्तिकांत

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने देश की वित्तीय प्रणाली के सशक्त भविष्य के लिए बुधवार को पांच प्राथमिकताएं गिनायीं। आरबीआई गवर्नर ने सम्मेलन के मुख्य भाषण में इंडिया-100 के लिए, वित्तीय समावेशन, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, उपभोक्ता संरक्षण और साइबर सुरक्षा, सतत वित्त और वैश्विक स्तर के समन्वयएवं और सहयोग- इन पांच प्राथमिकताओं को अपनाए जाने पर बल दिया। बुधवार को यहा ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) 2024 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा,भाविष्य की यात्रा प्रौद्योगिकी, विनियमन, भू-राजनीति और बढ़ती सामाजिक अपेक्षाओं में गतिशील बदलावों से भरी होने वाली है। आर्थिक मजबूती को बढ़ावा देने में भारतीय वित्तीय



पारिस्थितिकी तंत्र के सभी हितधारकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। जीएफएफ-2024 का आयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेइटी), विदेश मंत्रालय, वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस), आरबीआई और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएसीए) सहयोग से किया जाता है। इस सम्मेलन के आयोजनकमताओं में पेमेंट्स काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई), नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) और फिनटेक कन्वर्जेंस काउंसिल (एफसीसी) शामिल हैं। श्री दास ने कहा,भारत एक तेजी से उभरती हुई आर्थिक शक्ति है, जिसकी आबादी तकनीक के प्रति जागरूक है। भारत के वित्तीय क्षेत्र में फिनटेक क्षेत्र से प्रेरित उल्लेखनीय परिवर्तन हो रहे है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी के अनुसार भारत में स्थापित फिनटेक की संख्या लगभग 11,000 है, और पिछले दो वर्षों में ही फिनटेक क्षेत्र को लगभग छह अरब डॉलर का निवेश प्राप्त हुआ है। इस सम्मेलन के मुख्य विषयों में वित्तीय क्षेत्र के लिए भविष्य प्रौद्योगिकी से जुड़े मुद्दे और फिनटेक के लिए नियामकीय व्यवस्था शामिल है। तीन दिन के इस सम्मेलन में बैंकिंग, फिनटेक, विनियामकीय संगठन और आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्र के प्रतिनिधियों और नीति नियामकों सहित करीब 800 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

## महबूबा मुफ्ती नहीं लड़ेंगी चुनाव

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने बुधवार को आगामी जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए 17 विधानसभा क्षेत्रों के लिए पार्टी प्रभारियों की घोषणा की। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने पुष्टि की कि वह आगामी चुनाव नहीं लड़ेंगी। पार्टी के संसदीय बोर्ड द्वारा जारी सूची के अनुसार, कई प्रमुख हस्तियों को विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया है। अनुभवी राजनेता और विधान परिषद के पूर्व सदस्य मोहम्मद खुर्शीद आलम को ईदगाह निर्वाचन क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उत्तर कश्मीर में अपनी गहरी जड़ों के लिए जाने जाने वाले पूर्व कानून मंत्री अब्दुल हक खान लोलाब निर्वाचन क्षेत्र की देखरेख करेंगे। बशारत बुखारी को वागूरा क्रेरी खंड सौंपा गया है।

## रेल हादसों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए : वैष्णव

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश में रेल दुर्घटनाओं के पीछे तोड़फोड़ की साजिश होने संबंधी रिपोर्टों का गहरी चिंता जतायी है और सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया है कि वे राष्ट्रीय यातायात के इस साधन को राजनीति से परे रख कर जनता एवं देश के हित को सर्वोपरि मानकर टिप्पणी करें। रेल, सूचना प्रौद्योगिकी, सूचना प्रसारण मंत्री ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देने के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन में रेल दुर्घटनाओं को लेकर पूछे गये सवालों के जवाब में कहा कि यह बहुत ही संवेदनशील मसला है। रेल दुर्घटनाओं की विस्तृत जांच की जा रही है। ये बहुत चिंताजनक रुझान दिख रहा है। इसमें आरोप प्रत्यारोप नहीं होने चाहिए। ये मामला राजनीति से ऊपर है। कहीं भी कुछ भी हो, हर किसी का ध्यान रेलवे के सुचारु रूप से संचालन पर होना चाहिए। उन्होंने स्वीकार किया कि रेल दुर्घटनाओं को लेकर तोड़फोड़ की साजिश संबंधी रिपोर्टें उन्होंने देखी हैं जो बेहद चिंताजनक बात है। रेल देश के लोगों के लिए यातायात का राष्ट्रीय साधन है।

### अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार 2024

# अपने परफॉर्मेंस से 'चार चांद' लगायेगी रेखा

एजेंसी

मुंबई। बॉलीवुड की सदाबहार अभिनेत्री रेखा अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आईफा) के मंच पर चार चाँद लगाती नजर आयेंगी। अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार का आयोजन अबू धाबू में 27 सितंबर से 29 सितंबर के बीच किया जाएगा। सदाबहार अभिनेत्री रेखा इस प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह के 24वें संस्करण में अपनी प्रस्तुति देंगी। अपने अभिनय से उत्साहित रेखा ने आईफा टीम द्वारा साझा किए गए एक नोट में कहा, आईफा मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है, जो न केवल भारतीय सिनेमा के उत्सव का प्रतिनिधित्व करता है बल्कि वैश्विक मंच पर कला, संस्कृति और प्रेम का एक जीवंत मिश्रण है। यह घर जैसा लगता है - एक खूबसूरत शोकेस जहां भारतीय सिनेमा का जादू सचमुच जीवंत हो उठता है, और मुझे वर्षों



से उस जादू को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करने का सौभाग्य मिला है। रेखा ने कहा, एक बार फिर इस प्रतिष्ठित महोत्सव का हिस्सा बनना एक गहरा सम्मान है, और मैं आईफा की विरासत में योगदान देने के लिए रोमांचित हूं। मैं यस द्वीप, अबू धाबी में हमारा सिनेमा और आईफा के 24वें संस्करण में आप सभी के साथ और अधिक यादगार यादें बनाने और जश्न मनाने के लिए उत्सुक हूं। गौरतलब है कि रेखा ने आखिरी बार 2018 में आईफा में अपनी प्रस्तुति दी थी। 'प्यार किया तो डरना क्या' से लेकर 'सलाम-ए-इश्क मेरी जान' तक, उन्होंने अपनी 'अदा' से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया था। मंच पर उनके साथ रणबीर कपूर, रितेश देशमुख, वरुण धवन, कार्तिक आर्यन और करण जौहर जैसे सितारे भी शामिल हुए थे । आईफा के आगामी संस्करण की मेजबानी बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान और फिल्म निमार्ता करण जौहर करेंगे।तीन दिन का आईफा अवाड्र्स कार्यक्रम 27 सितंबर को भव्य उत्सव के साथ शुरू होगा,जिसे आईएफएफए उत्सवम के तौर पर जाना जाता है। इसमें चार दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग उत्सव मनाएंगे। इसके बाद 28 सितंबर को आईफा अवाड्र्स होंगे। आखिरी दिन उत्सव का समापन होगा जिसे आईफा रॉक्स के नाम से जाना जाता है।

## समकालीन और प्रासंगिक न्यायप्रणाली समय की जरूरत: गोविंद मोहन

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने उपनिवेशवाद की बेड़ियों को तोड़ने के उद्देश्य से कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए समकालीन और प्रासंगिक न्यायप्रणाली की आवश्यकता पर बल दिया है। श्री मोहन ने बुधवार को पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो के यहां स्थित मुख्यालय में 54वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। इस अवसर पर आसूचना ब्यूरो के निदेशक तपन कुमार डेका, केंद्रीय पुलिस संगठनों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के प्रमुखों के साथ-साथ गृह मंत्रालय और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।


वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!